सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
- TOP MEDICAL Colleges of INDIA
- Management Quota Seat
- NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444
Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)

वर्ष- 14 अंक - 299 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 11 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

दूर तक जाएगा छत्तीसगढ़ कांग्रेस में एकता का संदेश: भूपेश के फैसलों से बदला समीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज़

रायपुर। अभी कुछ समय पहले तक बिखरती दिख रही कांग्रेस ने अपने आपको ऐसा समेटा है कि अब सभी एकजुट नजर आ रहे हैं। एकजुटता का यह संदेश दिल्ली तक गया है और हाईकमान भी सामूहिक नेतृत्व की प्रशंसा कर रहा है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के व्यवहारिक फैसलों के चलते ही संभव हो पाया है। पार्टी हाईकमान भी पूरी उम्मीद में है कि राज्य में कांग्रेस फिर से रिपीट हो रही है। सीएम भूपेश और उनकी टीम तो खैर पहले से ही आश्वस्त हैं। चुनाव करीब है और वरिष्ठ नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। 2 दिन बाद यानी 13 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी चुनावी शंखनाद फूंकने आ रहे हैं।

देश में कांग्रेस जिन राज्यों में सबसे ज्यादा मजबूत है उनमें से एक छत्तीसगढ़ है। यहां गाहे-बगाहे पार्टी में खींचतान और टकराव नजर आ जाती थी, मगर बीते कुछ दिनों में किए गए बदलाव ने पार्टी के नेताओं को करीब ला दिया है, अब तो पार्टी में एकजुटता नजर आने लगी है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं चाहता कि चुनाव से पहले गुटबाजी उभरे या फिर आपसी खींचतान की संभावना बढ़े, लिहाजा पार्टी ने बीते दिनों कुछ फैसले किए जिसके मुताबिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मोहन मरकाम से लेकर दीपक बैज को सौंपी गई, तो टीएस सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। किसी तरह की नाराजगी न पनपे इसलिए मोहन मरकाम को भी कैबिनेट में जगह दी गई। एक मंत्री प्रेमसाय टेकाम को मंत्री पद से हटाया गया तो उन्होंने जरूर अपनी नाराजगी जताई। राज्य की कांग्रेस की स्थिति पर गौर करें तो संतुलन की राजनीति पर पार्टी हाईकमान से लेकर प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल काम कर रहे हैं।



एकजुटता पर फोकस

समाज के हर वर्ग को खुश करने की कोशिश हो रही है, वहीं धार्मिक आयोजनों के जरिए धर्म प्रेमियों को अपने करीब लाया जा रहा है, वहीं पार्टी के भीतर किसी भी तरह की नाराजगी को पनपने से पहले ही रोका जा रहा है। राज्य में वर्ष 2018 की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिली थी और भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंप गई। इसके बाद तरह-तरह की चर्चाओं ने जोर पकड़ा और कहा तो यहां तक जाने लगा था कि पार्टी के भीतर ढाई-ढाई साल का फार्मूला बना है। मगर वक्त गुजारने के साथ यह बात किसी भी नेता ने खुलकर नहीं स्वीकारी।

स्थितियां बदल गई हैं

कई बार यह बात सामने आती रही है कि बघेल और सिंहदेव के बीच रिश्ते बेहतर नहीं है, यह कई मौकों पर नजर भी आया। अब स्थितियां बदल रही हैं। बघेल और सिंहदेव कई बार एक साथ कई कार्यक्रम में मौजूद नजर आते हैं तो वहीं एक दूसरे से आत्मीयता जाहिर करने का अवसर भी नहीं चूकते। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अगर जीत हासिल करनी है तो पार्टी के भीतर समन्वय और सामंजस्य जरूरी है। यह बात पार्टी के तमाम नेता जान गए हैं। लिहाजा उनके तौर तरीके में बदलाव आ रहा है। वहीं कई नेताओं को पार्टी के भीतर सम्मान दिया जा रहा है और जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है।

दर्जनों सीटें साधेंगे खरगे

छत्तीसगढ़ की सत्ता में किसी भी राजनीतिक दल के लिए अदिवासी जितना महत्व रखते हैं लगभग उतना ही अनुसूचित जाति वर्ग का भी माना जाता है। यही वजह है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एससी बाहुल्य जांजगीर-चांपा जिले से ही पार्टी का चुनावी आगाज करने आ रहे हैं। खरगे 13 अगस्त को जांजगीर-चांपा में होने वाले भरोसे के सम्मेलन में शिरकत करेंगे। दरअसल छत्तीसगढ़ में एससी वर्ग के लिए भले ही दस सीटें आरक्षित हैं लेकिन प्रदेश की 45 सीटों पर इनका अच्छा खासा प्रभाव है और एससी वोटर्स चाहें तो किसी भी राजनीतिक दल का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। पिछले चुनाव के आंकड़े भी यह बताने के लिए काफी हैं कि कुछ स्थानों पर इन्ही एससी वोटरों के दम पर बसपा के प्रत्याशी दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे हैं।

युवाओं पर ज्यादा जोर

सीएम भूपेश इन दिनों युवाओं को कांग्रेस के पक्ष में करने में जुटे हुए हैं। रायपुर के बाद वे बिलासपुर और दुर्ग में भी युवाओं से संवाद कर चुके हैं। इसके बाद बस्तर और सरगुजा में भी मुख्यमंत्री बघेल युवाओं से सीधे संवाद करके युवाओं से उनके मुद्दों, उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे। वे युवाओं के प्रश्नों के जवाब भी दे रहे हैं। कांग्रेस ने अपने यूथ विंग एनएसयूआइ को बूथ स्तर पर लगा दिया है। युवा बूथों तक पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इसी तरह युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भी नए मतदाताओं से संपर्क साधने में जुटे हुए हैं। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बताया कि अब तक 50 हजार नए युवा मतदाताओं को संपर्क करके जोड़ा गया है। 'माय फर्स्ट वोट फार कका' कार्यक्रम के माध्यम से चार लाख से अधिक नए मतदाताओं तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसके अलावा भूपेश हैं तो भरोसा है अभियान चलाकर युवाओं से संपर्क साधा जा रहा है।

खास - खबर

छत्तीसगढ़ में बारिश पर लगा ब्रेक:रायपुर सहित कई जिलों में उमस भरी गर्मी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश के बाद अब मानसून पर ब्रेक लग गया है। बीते दो दिनों से केवल हल्की बूंदाबांदी हुई है जबकि सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। राजधानी रायपुर समेत बाकी जिलों में तेज धूप और उमस की वजह से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वक्त मानसूनी द्रोणिका का पूर्वी छोर मिजोरम में है और पश्चिमी विक्षोभ भारत के करीब होने की वजह से मध्य भारत में बारिश की गतिविधियों में कमी बने रहने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 625.8 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। 1 जून से लेकर 10 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक 4 जिले बीजापुर में 32 प्रतिशत, मुंगेली में 25, रायपुर में 24 और सुकमा जिले में 22 प्रतिशत सामान्य से ज्यादा औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। जबकि बीते कुछ दिनों से मानसून पर लगे ब्रेक की वजह से कम बारिश वाले जिलों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। जशपुर जिले में सामान्य से 46 फीसदी कम औसत बारिश हुई है। प्रदेश के 14 जिले ऐसे हैं, जहां सामान्य बारिश हुई है लेकिन आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं होती तब ये जिले भी कम वर्षा वाले क्षेत्र में आ सकते हैं।

अज्ञात वाहन के टक्कर से हुई व्यवसायी की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कांकेर। कांकेर में बीती रात सड़क हादसे में एक युवा व्यवसायी की मौत हो गई। नगर के रहने वाले संदीप आहूजा की किराने की दुकान थी। रात में काम निपटा कर माकड़ी किसी काम से गए थे। रात में घर लौटते वक्त नगर के बायपास सड़क पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। 34 साल के युवा व्यवसायी संदीप आहूजा के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दे कि माकड़ी चौक से कांकेर नगर तक आने वाली नेशनल हाइवे की सड़क जर्जर और बरसात में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके चलते लोग बायपास सड़क का इस्तेमाल करते हैं। अक्सर रात में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में लोग आ रहे हैं। इससे पहले भी महीने भर में आठ दुर्घटनाएं कांकेर बायपास सड़क पर हो चुकी हैं।

एक सप्ताह का प्लेसमेंट कैंप, कई सेक्टरों में रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा एक दो नहीं पूरे एक सप्ताह के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन करने जा रहा है। 17 से 23 अगस्त तक अलग अलग सेक्टर से संबंधित प्लेसमेंट कैंप होंगे। उक्त प्लेसमेंट कैम्प और लोन मेला में शामिल होने के लिए रायपुर रोजगार संगी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है, जिसका लिंक https//raipurrozgarsangi.com/ है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा 17 अगस्त से 23 अगस्त 2023 तक रायपुर जिले में सेक्टरवार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। होटल एवं रेस्टोरेंट सेक्टर के लिए 17 अगस्त को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सड्डू, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तरह 18 अगस्त को हॉस्पिटल एवं मेडिकल लेबोरेटोरी सेक्टर के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार, रायपुर में, 19 अगस्त को औद्योगिक, उत्पादन एवं तकनीकी क्षेत्र सेक्टर के लिए अडवानी आर्लिकन स्कूल बीरगांव, रायपुर में, 22 अगस्त को वित्तीय, सुरक्षा संस्थाएं एवं गैर तकनीकी क्षेत्र सेक्टर के लिए लाईवलीहुड कॉलेज जोरा, रायपुर में और 23 अगस्त को स्वरोजगार अवसरों हेतु लोन मेला लाईलीवुड कॉलेज जोरा, रायपुर में आयोजित किया गया है।

छत्तीसगढ़ से 86 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदेगा केन्द्र

सीएम बघेल बोले- जब हमने कहा तो नहीं खरीदा, अब जरूरत पड़ने पर लिया फैसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इस साल केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ से 86.5 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदेगी। केन्द्र ने राज्य को कस्टम मिलिंग के लिए सहमति पत्र भेजा है। इसे लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जब हमने कहा तो चावल नहीं खरीदा। अब जरूरत पड़ी तो खरीद रहे हैं।

सीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया में चावल और गेहूं की कमी हो गई है। खबरों में ये भी पता चला है कि गेहूं निर्यात करेंगे और जो गैर बासमती चावल है, उसके निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसकी दुनिया भर में अच्छी डिमांड है। देश में भी ये हालात हैं कि कई जगह अतिवृष्टि हुई है और कहीं कम बारिश भी दर्ज की गई है। इसी आधार पर फसलों की आंकलन रिपोर्ट जो भारत सरकार को मिली है उसमें ये दबाव है कि हमको अनाज की ज्यादा जरूरत पड़ेगी इसलिए इन्होंने 86 लाख मीट्रिक टन चावल लेने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र कमेंट, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र कमेंट किए जाने का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी समीर साहू नाम के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र कमेंट किया है। युवक ने फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की है।



मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेता लामबंद हुए और सिविल लाइन थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ 294, 504 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

छत्तीसगढ में जजों का ट्रांसफर: 40 से ज्यादा जजों का फेरबदल व प्रमोशन

- बिलासपुर हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाईकोर्ट ने अलग अलग जिलों में पदस्थ 40 से अधिक सिविल जज, सत्र व जिला न्यायधीशों का स्थानान्तरण व प्रमोशन किया है। गुरुवार को इस संबन्ध में हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर दिया गया है। स्थानांतरण के साथ ही दो जजों का वहीं पर प्रमोश न हुआ है। थर्ड एडीजे सूरजपुर सुनील कुमार नंदे को यहीं पर प्रथम एडीजे और सेकेण्ड एडीजे अम्बिकापुर मनोज कुमार सिंह ठाकुर को यहीं पर फर्स्ट एडीजे के रूप में पदोन्नत किया गया है।

हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के अनुसार एडीजे फर्स्ट सूरजपुर ओमप्रकाश सिंह चौहान को स्थानांतरित कर हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार डिस्ट्रिक्ट जज रायपुर संतोष शर्मा, फर्स्ट एडीजे रायपुर संतोष तिवारी, फर्स्ट एडीजे अंबिकापुर नीलिमा सिंह बघेल, एडीजे एफ्टीएससी (पॉक्सो) बलोदा बाजार शहाबुद्दीन अंसारी, एडीजे एफ्टीएससी कवर्धा हिमांशु जैन, सीजेएम कोंडागांव मोना चौहान, सिविल जज क्लास वन राजनांदगांव प्रियंका अग्रवाल, थर्ड सिविल जज क्लास वन लोकेश कुमार और फर्स्ट सिविल जज क्लास टू वीरन्द्र सिंह को बैकुंठपुर भेजा गया है।

इन जजों को मिला प्रमोशन

18 ज्युडिशियल अफसरों को पदोन्नत किया गया है। पारुल श्रीवास्तव को सीजेएम सारंगढ़, सर्वविजय अग्रवाल को सीजेएम जांजगीर चाम्पा, विवेक गर्ग को सीजेएम खैरागढ़, ताजुद्दीन आसिफको सीजेएम बीजापुर. गंगा पटेल को सीजेएम सक्ती, एकता अग्रवाल सीजेएम पेंड्रा रोड, दुलार सिंह निर्मलकर को अम्बागढ़ चौकी ,हरेन्द्र सिंह नाग सीजेएम नारायणपुर, श्वेता को सीजेएम कबीर धाम, श्रुति दुबे सीजेएम मनेन्द्रगढ़, श्वेता उपाध्याय को एसीजेएम रायपुर, ओमप्रकाश साहू एसीजेएम कवर्धा, उमेश कुमार उपाध्याय सीजेएम बेमेतरा, गीतेश कुमार कौशिक सीजेएम सुकमा, रूपनारायण राठौर सीजेएम बस्तर, अश्वनी चतुर्वेदी सीजेएम कोरबा, यशोदा नाग सीजेएम कोंडागांव और सीमा प्रताप चन्द्र को एसीजेएम डोंगरगढ़ नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार हाईकोर्ट ने अमन तिग्गा को सिविल जज वन कोरिया, विनय कुमार साहू को अतिरिक्त जज सिविल कोर्ट बलरामपुर, योगिता कंवर को सिविल जज राजनांदगांव, श्वेता ठाकुर सिविल जज मुंगेली, शैलेश कुमार वशिष्ठ को सिविल जज राजनांदगांव, शाश्वत दुबे को एडिशनल जज सिविल कोर्ट बलरामपुर, सिद्धार्थ आनंद सोनी को सिविल जज कोरबा और शिवेंद्र कुमार टेकाम को धमतरी में सेकेण्ड सिविल जज नियुक्त किया है।

फिर इतिहास की शरण में भाजपा

श्रीकंचनपथ

- दीपक रंजन दास

संसद का चुनावी मौसम में राजनीति का अखाड़ा बन जाना कोई नई बात नहीं है। वायनाड सांसद राहुल मणिपुर को लेकर सरकार पर हमलावर हुए तो इसका जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने उनपर 1962 का प्रसंग दे मारा। प्रधानमंत्री ने अपने 133 मिनट के भाषण में मणिपुर पर कम और कांग्रेस पर ज्यादा बातें कीं। देश को बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे लेकर जा रही केन्द्र सरकार आखिर बार-बार इतिहास में क्यों चली जाती है, इसका मतलब समझना जरूरी है। भारत में एक आम धारणा है कि लोगों की याददाश्त बहुत कमजोर होती है। इतिहास को लेकर तो स्थिति और भी खराब है। जिस इतिहास को भाजपा फर्जी बताती है उसी इतिहास के बूते वह राजनीति भी करती है। लोग दोनों ही बातों पर तालियां बजाते हैं। प्रधानमंत्री ने मणिपुर को अपने जिगर का टुकड़ा बताया। उन्होंने कहा कि जब वे राजनेता नहीं थे, तब भी पूर्वोत्तर के राज्यों की खाक छाना करते थे। अगर ऐसा ही है तो यह मान लेने में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि वहां के हालातों से वो भली भांति वाकिफ थे। वो पिछले 9 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं। उन्हें बताना चाहिए कि पूर्वोत्तर के राज्यों के हालात बदलने के लिए केन्द्र ने इन नौ सालों में क्या-क्या कदम उठाए। भाजपा बार-बार कहती है कि कांग्रेस ने 60 साल में कुछ नहीं किया, लोग तालियां बजाते हैं। वो भूल जाते हैं कि सदियों की गुलामी से आजाद हुए भारत के पास न तो पूंजी थी और न ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का कोई साधन। ऐसी स्थिति में भी देश ने कृषि, बिजली और उद्योग के लिए काम करना शुरू किया। भाखरा नांगल, दामोदर घाटी, हीराकुद, ब्यास, चम्बल घाटी, नागार्जुन सागर, रिहन्द, फरक्का जैसे बांधों का निर्माण किया। भिलाई इस्पात संयंत्र समेत तमाम आधारभूत इस्पात संयंत्रों की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत की। सार्वजनिक पर जोर इसलिए कि लोग समझ सकें कि देश के प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार किसका होना चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। विभाजन के बाद 25 सालों के भीतर इस्लामिक देश पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये। आज जिस कम्फर्ट जोन में देश बैठा है, वह कांग्रेस की इन्हीं नीतियों की देन है। वरना उनके स्वातंर्त्यवीर का हिन्दू राष्ट्र का सपना तो अब तक अधूरा है। इतिहास को समझना इसलिए भी जरूरी है कि, जो कौम अपने इतिहास को लेकर भ्रम में रहती है, उसका सर्वनाश हो जाता है। प्रधानमंत्रीजी, देश आपसे मणिपुर के आज के हालातों का जवाब मांग रहा है, 61-62 का रेडियो प्रसारण तो लोग कब का भूल चुके हैं। यह दावा खोखला है कि वहां के लोगों के जेहन में आज भी वह प्रसारण गूंज रहा है। देश को केन्द्र सरकार से न सही, अपने प्रधानमंत्री से काफी उम्मीदें हैं। यह उम्मीदों पर खरा उतरने का वक्त है, राहुल को सही साबित करने का नहीं। इसलिए अहंकार का दामन छोड़ें, कुछ करें।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....
LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
Harsh Media Advertisers
Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

संपादकीय

चुनाव के लिए नियुक्ति

मुख्य चुनाव आयुक्त सहित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने के लिए कानून की तैयारी चर्चा में है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में देश के प्रधान न्यायाधीश की भूमिका समाप्त हो जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (सेवा-नियुक्ति शर्तें एवं कार्यकाल) विधेयक, 2023 के गुण-दोष पर विमर्श तय है। गौर करने की बात है कि यह विधेयक सर्वोच्च न्यायालय के एक हालिया फैसले की रोशनी में तैयार किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में कानूनी शून्यता का उल्लेख किया था। प्रस्ताव के अनुसार, अब जो चुनाव आयुक्त या मुख्य चुनाव आयुक्त चुने जाएंगे, उनका फैसला प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री व लोकसभा में विपक्ष के नेता मिलकर करेंगे। 2 मार्च, 2023 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में यह कहा गया था कि जब तक केंद्र सरकार भारत के चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी यथोचित कानून नहीं लाती, तब तक ये नियुक्तियां प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व नेता प्रतिपक्ष की समिति की सलाह पर की जानी चाहिए। न्यायालय की प्रशंसा होनी चाहिए कि उसने कमी की ओर इशारा किया और अब सरकार इस दिशा में पहल कर रही है। हालांकि, यह शिकायत सामने आई है कि प्रस्तावित संशोधन से देश के प्रधान न्यायाधीश की उपेक्षा होगी, पर वास्तव में यह फैसला तो सरकार का ही है। कहीं न कहीं न्यायाधीश की नियुक्ति में भी सरकार की भूमिका होती ही है। उच्च स्तर पर होने वाली किसी भी नियुक्ति में सरकार की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता और इसे गलत भी नहीं ठहराया जा सकता। पहले भी सरकारों ने आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया और चुनाव आयोग के आकार में परिवर्तन किए हैं। संविधान के तहत साल 1950 में एक सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन हुआ था और 15 अक्तूबर, 1989 तक वह एक सदस्यीय ही रहा। तत्कालीन सरकार ने उसे बहुसदस्यीय बना दिया, लेकिन दो महीने बाद ही यह फिर से एक सदस्यीय हो गया। साल 1993 में तत्कालीन सरकार ने इसे फिर तीन सदस्यीय बना दिया। तब भी यह आरोप लगा था कि ईमानदार चुनाव आयुक्त टी एन शेषन पर लगाम कसने के लिए ऐसा किया गया है। खैर, कुछ विवाद के बाद सरकार की वह कोशिश कामयाब रही थी और आज भी चुनाव आयोग तीन सदस्यों के साथ अच्छा काम कर रहा है। लोग आयोग से उम्मीदें रखते हैं और यह सफलतापूर्वक चुनावी प्रक्रियाओं को अंजाम देता आ रहा है। अगर सरकार की मंशा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से प्रधान न्यायाधीश को अलग रखने की है, तो इसे समझने की जरूरत है। न्यायपालिका पहले से ही मुकदमों के दबाव में है, ऐसे में, प्रधान न्यायाधीश को किसी नए काम में शामिल करने या न करने का फैसला विचारणीय है। जिन लोगों को शंका है कि इससे चुनाव आयुक्तों की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है, तो ऐसे लोगों को आश्वस्त रहना चाहिए, क्योंकि चुनाव में होने वाली कोई भी कमी या गड़बड़ी अंततः न्यायालय में ही पहुंचेगी। लोकतंत्र और विश्वसनीय चुनाव इस देश के सम्मान में चार चांद लगाते रहे हैं, अतः कानून कोई भी बन जाए, अंततः सरकार ही निष्पक्षता और सेवा बहाल रखने के लिए जिम्मेदार है और हमेशा रहेगी। बेशक, सबको ध्यान रखना होगा कि चुनाव आयुक्तों से इस देश के लोग क्या उम्मीदें रखते हैं।

> “ साल 1993 में तत्कालीन सरकार ने इसे फिर तीन सदस्यीय बना दिया। तब भी यह आरोप लगा था कि ईमानदार चुनाव आयुक्त टी एन शेषन पर लगाम कसने के लिए ऐसा किया गया है। खैर, कुछ विवाद के बाद सरकार की वह कोशिश कामयाब रही थी और आज भी चुनाव आयोग तीन सदस्यों के साथ अच्छा काम कर रहा है। लोग आयोग से उम्मीदें रखते हैं और यह सफलतापूर्वक चुनावी प्रक्रियाओं को अंजाम देता आ रहा है।

सरकार मजबूर है, समाजवादी नहीं!

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लैपटॉप, पर्सनल कम्प्यूटर और टैबलेट के आयात को सीमित करने के लिए एक नीति की घोषणा की है। पहले कहा गया था कि आयात को सीमित करने वाली यह नीति तत्काल लागू होगी लेकिन 24 घंटे के अंदर इसे लेकर ऐसी हायतौबा मची की सरकार ने इसे तीन महीने के लिए टाल दिया। अब यह नीति एक नवंबर से लागू होगी। इस नीति में सरकार ने सिर्फ इतना कहा है कि लैपटॉप, कम्प्यूटर और टैबलेट के आयात के लिए कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। इसका यह कतई मतलब नहीं है कि अब विदेश में बने उत्पाद भारत में नहीं बिकेंगे। इसका सिर्फ इतना मतलब है कि जैसे पहले एप्पल, सैमसंग, डेल जैसी कंपनियां जो विदेश में अपने उत्पाद बनाती थीं और भारत में लाकर बेच देती थीं वैसे नहीं बेच पाएंगी। पहले उन्हें सिर्फ आयात शुल्क चुकाना होता था और अपने उत्पाद बेचने की छूट थी। अब उन्हें इसके लिए लाइसेंस यानी सरकार से मंजूरी लेनी होगी।

सरकार कारोबार सुगमता रेटिंग में चाहे कितनी भी ऊपर चली जाए लेकिन सबको पता है कि उससे किसी कारोबार की मंजूरी या लाइसेंस लेना कितना मुश्किल होता है। तभी जैसे ही सरकार ने इस बारे में नोटिस जारी किया वैसे ही इसका विरोध शुरू हो गया और इसे पुरानी समाजवादी अर्थव्यवस्था की और लौटने का कदम बताया जाने लगा। इसमें दिलचस्प बात यह है कि सरकार के विरोधियों ने भी अपने तर्क से इस नीति की मुखालफत की तो सरकार के समर्थकों ने अपने तर्कों से इसका विरोध किया। किसी ने समाजवादी नीतियों की वापसी बताई तो किसी ने कोटा परमिट राज का लौटना बताया। इससे कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर भी पाबंदी लगाई थी। उसके साथ ही इस नीति को मिला कर देखा गया और यह प्रमाणित किया गया कि सरकार पुराने रास्ते पर लौट रही है। लेकिन हकीकत यह है कि सरकार समाजवादी नहीं हुई है। ज्यादा से ज्यादा उसे संरक्षणवादी कह सकते हैं। इस तरह की नीतियां अमेरिका से लेकर यूरोप तक के देश समय समय पर आजमाते रहे हैं।

बहरहाल, पुराना रास्ता या मिश्रित अर्थव्यवस्था का रास्ता वह है, जिस पर आजादी के बाद भारत चला था। आजादी के बाद 45 साल तक भारत में कोटा, परमिट, लाइसेंस राज था। हर काम के लिए सरकार से अनुमति लेनी होती थी। नरसिंह राव की सरकार ने 1992 में इस व्यवस्था को बदला था। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को कई तरह के बंधनों से मुक्त कर दिया था। हालांकि तब यह बहस होती रही थी कि देश इसके लिए तैयार है या नहीं? इसमें कोई संदेह नहीं है कि उस समय भारत और भारत के निजी कारोबारी विदेशी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं थे। इसके बावजूद आजादी के 45 साल की बदली हुई स्थितियों में भारत की आर्थिक नीतियों में बदलाव जरूरी था, जो हुआ। दूसरा और तात्कालिक कारण यह था कि 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार खाली था, जिसे भरने के लिए जरूरी था कि बाहर से डॉलर आए। नरसिंह राव की नीतियों से बदलाव भी हुआ और डॉलर भी आया। उसके बाद से कभी भी भारत का विदेशी मुद्रा भंडार खाली नहीं हुआ है।

उसके बाद से अब तक भारत की सरकारें उसी रास्ते पर चलती रही हैं। लेकिन केंद्र सरकार के हाल के दो फैसलों, गैर बासमती चावल का निर्यात रोकने और लैपटॉप के आयात को सीमित करने के बाद सरकार की इस बात के लिए आलोचना हो रही है कि वह समाजवादी नीतियां या कोटा, परमिट लाइसेंस राज की नीतियां वापस ला रही है। सरकार की इस आलोचना में असल कारण आर्थिक या सरकार से नाराजगी नहीं है, बल्कि समाजवादी नीतियों से चिढ़ है।

> “ मेवात मुस्लिम आबादी वाला इलाका है, जहां के नूंह कस्बे में पिछले दिनों जो कुछ हुआ, उससे भारत विभाजन के समय हरियाणा के शहरों में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगे का इतिहास ताजा हो गया। मेवात तीन वजहों से खास रहा है, जिससे उसकी विरासत का अंदाजा होता है। पहली वजह हसन खान मेवाती हैं, जिन्होंने बाबर द्वारा धर्म का वास्ता दिए जाने के बाद भी हिंदू राजा राणा सांगा की तरफसे युद्ध लड़ना मंजूर किया और युद्ध-भूमि में शहीद हुए।

संविधान के सहारे ही संभालिए सद्भाव

आनंद कुमार, समाजशास्त्री

हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा के बाद राज्य के कई गांवों से यह खबर आई थी कि वे अपने यहां संप्रदाय विशेष का बहिष्कार करेंगे। यह आत्मघाती अपील थी। समाज का ताना-बाना सिर्फ धर्म से नहीं बनता, उसमें बाजार की अपनी भूमिका होती है और उसका एक सच मानवीय एकता भी है। मानव जीवन के कई आयाम होते हैं और उनमें से कुछ ही धर्म द्वारा संचालित होते हैं, इसीलिए मुसलमानों के बहिष्कार के फैसले से पीछे हटने का पंचायतों का ताजा फैसला सुखद माना जाएगा। यह वाकई समाजशास्त्रीय दृष्टि से हास्यास्पद स्थिति थी। क्या हमारी जिंदगी धर्म के सिद्धांतों पर चलती है? कोई डॉक्टर, वकील, ऑटो ड्राइवर, फल विक्रेता आदि यूं ही अपनी सेवाएं नहीं देते। हम इसके बदले उचित भुगतान करते हैं। इसमें यह अपेक्षा नहीं की जाती कि समानधर्मी होने की वजह से कोई सेवा के बदले अधिक मूल्य चुकाएगा या कोई विक्रेता कम दाम पर अपनी सेवाएं देगा।

दरअसल, हर बहुधर्मी देश में धर्मों के बीच वर्चस्व की एक धारा निरंतर चलती रहती है और प्राचीन इतिहास वाले देशों में एक से ज्यादा धर्मों का होना अप्रत्याशित भी नहीं है। ऐसे में, भारत जैसे प्राचीन सभ्यता वाले राष्ट्र में, जहां दुनिया के सभी धर्मों का अनुसरण करने वाले लोगों की अच्छी तादाद है, और जहां बंटवारे का इतिहास भी है, वहां छोटे-बड़े धर्मों के बीच का रिश्ता कभी तनावपूर्ण, तो कभी सद्भावपूर्ण रहता आया है।

आज से तीन दशक पहले पंजाब में अलगाववाद की ऐसी प्रवृत्ति फैली थी कि न सिर्फ सिखों के धर्मस्थल पर कब्जा करने की दुखद कोशिश हुई, बल्कि हमने अपने एक प्रधानमंत्री को भी खो दिया, जिसके बाद हजारों निर्दोष सिखों की हत्या उग्र भीड़ ने की। बीते कुछ समय से पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म की प्रधानता वाले राज्य, विशेषकर नगालैंड में अलगाववाद का एक इतिहास दिखा है। मगर उत्तर भारत में हिंदू व मुसलमान के रिश्तों को लेकर पिछले तीन दशकों से एक अजीब कशमकश चल रही है। इसमें साल 1989-90 में हुए भागलपुर के दंगे, उससे पहले बंबई (अब मुंबई) की भिवंडी में 1984 में हुए नरसंहार और उसके बाद 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की एक दुखद श्रृंखला लंबी छाया की तरह आज के हिंदुओं और मुसलमानों के बीच मौजूद है। हमें इसी पृष्ठभूमि में हरियाणा की हिंसा को देखना चाहिए।

मेवात मुस्लिम आबादी वाला इलाका है, जहां के नूंह कस्बे में पिछले दिनों जो कुछ हुआ, उससे भारत विभाजन के समय हरियाणा के शहरों में हुए हिंदू-मुस्लिम दंगे का इतिहास ताजा हो गया। मेवात तीन वजहों से खास रहा है, जिससे उसकी विरासत का अंदाजा होता है। पहली वजह हसन खान मेवाती हैं, जिन्होंने बाबर द्वारा धर्म का वास्ता दिए जाने के बाद भी हिंदू राजा राणा सांगा की तरफ से युद्ध लड़ना मंजूर किया और युद्ध-भूमि में शहीद हुए। उनकी याद में आज भी मेवात के हिंदू और मुसलमान मिलकर जश्न मनाते हैं। दूसरी वजह, देश के बंटवारे के समय जब यहां के लोग भी देश छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, तब गांधी जी से भरोसा मिलने के बाद उन्होंने हरियाणा के बाकी मुसलमानों से अलग पाकिस्तान न जाने का फैसला किया था। तीसरी वजह, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल मृत्यु दर, संचार क्रांति जैसे संकेतकों में यह उत्तर भारत के सबसे अभावग्रस्त इलाकों में एक है और इस कमजोरी को दूर करने के लिए यहां की नागरिक संस्थाएं कोशिशें कर रही हैं। हमें इन तीनों पहलुओं पर गौर करते हुए ही यहां के तनाव को समझना होगा।

आखिर इसका समाधान क्या है? बहुधर्मी समाज के कारण हमारा संविधान राज्य-सत्ता से निष्पक्षता की अपेक्षा करता है। कानून तोड़ने वालों से यदि हम धर्म का प्रश्न जोड़ देंगे, तो इससे राज्य की शक्ति घटेगी, सरकार का इकबाल भी घटेगा। इसीलिए सांप्रदायिक तनावों के समाधान की पहली शर्त यही है कि पुलिस-प्रशासन और न्यायपालिका निष्पक्ष रहे। गुरुग्राम कोई पिछड़ा क्षेत्र नहीं है, लेकिन वहां हिंदू-मुसलमानों के बीच पिछले दो दशकों से नमाज और पूजा को लेकर छोटे-बड़े विवाद चल रहे हैं। निस्संदेह, सड़कों पर नमाज अदा करने का काम न तो धर्म की दृष्टि से, और न नागरिक अनुशासन के नजरिये से ही उचित है, लेकिन इसकी प्रतिक्रिया में मुखर वर्गों द्वारा मुसलमानों को नमाज अदा करने से ही वंचित कर देने का फैसला अजीब था। निर्वाचित सरकारों का अमूमन विवादों के समय वोट के लालच में अपने समर्थकों के पक्ष में राज्य-सत्ता का पलड़ा झुकाने की प्रवृत्ति होती है। मगर हमें नहीं भूलना चाहिए, यह क्षणिक लाभ दीर्घकालिक नुकसान का ही दूसरा नाम है।

आजादी के बाद सांप्रदायिकता का जब तूफान आया था, तब पहले नेहरू-पटेल की जोड़ी ने और बाद में मौलाना आजाद, अमृत कौर, गोविंद वल्लभ पंत, लाल बहादुर शास्त्री, कमला देवी चट्टोपाध्याय, जय प्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया आदि सभी नेताओं ने राष्ट्र-निर्माण के लिए सांप्रदायिक सद्भाव को बुनियादी जिम्मेदारी माना था। दंगों के दौरान समाज हतप्रभ होता है, क्योंकि हथियारबंद भीड़ से मुकाबला करने की क्षमता उसके पास नहीं होती। वह प्रशासन से अपेक्षा करता है, और यही कसौटी भी है। इसीलिए जहां सक्षम प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं, वहां दंगे 48 घंटों में काबू में आ गए, पर जहां उन्होंने अपने विवेक को ताक पर रख दिया, वहां दंगे हफ्तों चले।

स्पष्ट है, संविधान को संभालना और नागरिकों को बचाना, दोनों काम होना चाहिए। संविधान एक महत्वाकांक्षी दस्तावेज है, जिसमें राजनीतिक समानता के आधार पर आर्थिक व सामाजिक समानता की रचना का संकल्प है। धर्म सामाजिक समानता की राह में रुकावट है, इसीलिए सर्वधर्म समभाव का सूत्र दिया गया है। यदि हमने हिंदू राष्ट्र, निजाम-ए-मुस्तफा, खालिस्तान जैसे आत्मघाती समाधानों की तरफअपनी सोच को मोड़ा, तो यूगोस्लोवाकिया से लेकर लेबनान तक में जो हुआ, वही भारत में भी हो सकता है। हम अपने समाज में सांप्रदायिकता के फैलाव के लिए ठीक उसी तरह जिम्मेदार ठहराए जाएंगे, जिस तरह आज की पीढ़ी देश-विभाजन के लिए जिन्ना-सावरकर से लेकर नेहरू-पटेल तक को दोषी मानती है। हमें सर्वधर्म समभाव की सोच बढ़ानी ही होगी। एक तरफ संवाद के जरिये, तो दूसरी तरफ पुलिस-प्रशासन द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई के माध्यम से हम सांप्रदायिक तत्वों से प्रभावी तरीके से निपट सकते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

युवा क्रिकेटरों की विफलताओं से मुसीबत में भारतीय टीम

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार

एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप का भारत में करीब 12 साल बाद आयोजन होने वाला है और क्रिकेट प्रेमी 2011 की तरह ही टीम के चैंपियन बनने की उम्मीद कर रहे हैं। इस आयोजन में दो माह से भी कम समय बचा है और हमारे क्रिकेट प्रबंधक अब तक टीम को अंतिम रूप नहीं दे सके हैं। इसकी वजह कई प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना और उनका स्थान लेने के लिए जिन युवाओं को आजमाया गया, उनका उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाना है। भारत में खिलाड़ी तो बहुत हैं, पर सर्वश्रेष्ठ 15 चुनना मुश्किल हो गया है।

भारत के पास श्रेष्ठ टीम चयन के लिए 5 सितंबर तक का समय है और इसे 28 सितंबर तक अंतिम रूप दिया जा सकता है। इससे लगता है कि हमारे चयनकर्ता टीम को अंतिम रूप देने से पहले एशिया कप, आयरलैंड दौरा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के प्रदर्शन को भी देखना चाहते हैं। सही मायने में केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं।

भारतीय कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति ने चोटिल खिलाड़ियों की जगह लेने के लिए युवाओं को अपनी क्षमता साबित करने का भरपूर मौका दिया है, पर इन युवाओं ने मौके गंवाकर निराश किया है। इस मामले में पहला नाम सूर्यकुमार यादव का आता है। इस बल्लेबाज को टी-20 में शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है और उनकी आतिशी पारी के कमाल से ही भारत वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वापसी करने में सफल रहा है, लेकिन जब बात वनडे प्रारूप की आती है, तो उनकी प्रतिभा नजर ही नहीं आती है। श्रेयस अय्यर के चोटिल होने पर उन्हें आजमाया गया, पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करते नजर नहीं आए। चयनकर्ताओं को श्रेयस के रंगत में आने की ही उम्मीद करनी होगी। एक बड़ी चिंता है कि शुभमन गिल और ईशान किशन सहित करीब 10 ऐसे युवा खिलाड़ी हैं, जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। अपनी शुरुआती चमक से ही ये खिलाड़ी अभिभूत नजर आ रहे हैं, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को लेकर भी चिंता बढ़ी है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि के एल राहुल यदि पूरी तरह से फिट होकर रंगत में खेलते हैं, तो टीम में उनके चयन को लेकर शायद ही कोई संशय हो, पर उनकी जगह आजमाए गए संजू सैमसन ने यदि बल्ले से चमक बिखेरी होती, तो चयनकर्ता ज्यादा आश्वस्त रह सकते थे। के एल किसी वजह से उपलब्ध नहीं हुए, तो यशस्वी जायसवाल को मध्यक्रम में आजमाया जा सकता है।

वेस्ट इंडीज में भारतीय गेंदबाजी भी चिंताजनक स्थिति में नजर आती है। इस बार एकदिवसीय विश्व कप में खेलने की योग्यता हासिल न करने वाली टीम भी भारतीय क्रिकेटरों को पानी पिला दे रही है। अब आगे टीम प्रबंधन किन गेंदबाजों के साथ उतरेगा, इसे लेकर भी संशय बना हुआ है। भारतीय टीम में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का खेलना तय ही है। बाकी बहुत कुछ बुमराह की फिटनेस पर निर्भर रहने वाला है। वह पिछले साल सितंबर के बाद पहली बार आयरलैंड दौरे पर खेलते दिखेंगे। उनकी पहली परख टी-20 सीरीज में होगी, पर उनकी मैच फिटनेस के बारे में सही स्थिति का पता एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से ही चल पाएगा। वह फिट रहते हैं, तो टीम के तीसरे पेसर रहेंगे और चौथे पेसर की भूमिका में हार्दिक पांड्या का रहना तय है। इस स्थिति में आखिरी पेसर के लिए शार्दुल ठाकुर और जयदेव उनादकट में मुकाबला है। जहां तक स्पिन गेंदबाजी की बात है, तो यहां भी रवि बिश्नोई जैसे युवा मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सके और युजवेंद्र चहल भी पिछड़ते दिख रहे हैं। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ अक्षर पटेल के चुने जाने की ज्यादा संभावनाएं हैं।

अनेक देशों ने विश्व कप के लिए टीमें लगभग चुन ली हैं, लेकिन मेजबान भारत अभी भी प्रयोग के दौर से गुजर रहा है। इससे यही लगता है कि हम तैयारियों में थोड़े पिछड़ गए हैं। इसके बाद भी चयनकर्ता ऐसी टीम चुन सकें, जो एक दशक से ज्यादा समय से आईसीसी ट्रॉफियों से चली आ रही दूरी को खत्म कर सके, तो इस लंबी मशक्कत का मलाल नहीं रहेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मिनीमाता ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय क्षितिज पर दी नई पहचान

ललित चतुर्वेदी, उप संचालक

ओम डहरिया, सहा. जन. अधिकारी

छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गो ने उनके नेतृत्व को मान्य किया था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता समाज हितैषी कार्यो की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची।

मिनीमाता ने समाजसुधार सहित सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छूआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने।

मिनीमाता का मूल नाम मीनाक्षी देवी था। उनका जन्म 13 मार्च 1913 को असम राज्य के दौलगांव में हुआ। उन्हें असमिया, अंग्रेजी, बांगला, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा का अच्छा ज्ञान था। वह सत्य, अहिंसा एवं प्रेम की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं। उनका विवाह गुरूबाबा घासीदास जी के चौथे वंशज गुरू अगमदास से हुआ। विवाह के बाद वे छत्तीसगढ़ आई, तब से उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। गुरू अगमदास जी की प्रेरणा से स्वाधीनता के आंदोलन, समाजसुधार और मानव उत्थान कार्यों में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता पश्चात लोकसभा का प्रथम चुनाव 1951-52 में सम्पन्न हुआ। मिनीमाता सन् 1951 से 1971 तक सांसद के रूप में लोकसभा की सदस्य रहीं। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद के रूप में दलितों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए उन्हें सदा याद किया जाएगा। अविभाजित मध्यप्रदेश में बिलासपुर-दुर्ग-रायपुर आरक्षित सीट से लोकसभा की प्रथम महिला सांसद चुनी गईं। इसके बाद परिसीमन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से चार बार चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंची।

मिनीमाता की स्मृति में छत्तीसगढ़ सरकार ने असंगठित क्षेत्रों के कमजोर आय वर्ग की श्रमिक महिलाओं को प्रसूति के लिये आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाली भगिनी प्रसूति सहायता योजना का नाम बदलकर 'मिनीमाता महतारी जतन योजना' कर दिया है। मिनीमाता के योगदान को चिरस्थाई बनाने के लिए तत्कालीन मध्यप्रदेश में हसदेव बांगो बांध को मिनीमाता के नाम पर रखकर किसानों के हित में किए गए उनके कार्यो के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। आज बिलासपुर और जांजगीर जिले के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है। मिनीमाता ने उद्योगों में हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने की वकालत की। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता की स्मृति में समाज एवं महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिनीमाता सम्मान की स्थापना की गई।

सरंक्षण या सरकार का शिकंजा?

केंद्र सरकार ने विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में डेटा प्रोटेक्शन बिल को ध्वनि मत से पास करा लिया। राज्यसभा से भी यह बिल पास हो जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन विधेयक को पारित कराते हुए सरकार ने विपक्ष और इस क्षेत्र के जानकारों की चिंताओं का निवारण करने की कोशिश नहीं की है। जबकि यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि प्रस्तावित कानून से नागरिकों के डेटा का संरक्षण तो नहीं होगा, उलटे सूचना का उनका कानूनी अधिकार जरूर सीमित हो जाएगा। बिल में प्रावधान कर दिया गया है कि सरकारी पदाधिकारियों का डेटा को संरक्षित किया जाएगा। इस तरह आरटीआई के तहत अब तक मांगी जा सकने वाली कई सूचनाएं अब सार्वजनिक होने से बच जाएंगी। दूसरी तरफ बिल में केंद्र सरकार को कई तरह की छूट दी गई है। इसके तहत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, व्यवस्था बनाए रखने जैसे मामलों में डेटा सुरक्षा के नियम पालन के लिए बाध्य नहीं होगी और लोगों की व्यक्तिगत जानकारियों का इस्तेमाल कर सकेगी। उधर ऑनलाइन कंपनियों की मुश्किल भी बढ़ेगी।

बिल में कहा गया है कि अगर किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को डेटा सुरक्षा से जुड़े मामले में दो बार सजा सुनाई जाती है, तो इसके बाद सरकार उसे भारत में बैन करने पर भी विचार कर सकती है। डेटा सुरक्षा के उल्लंघन के मामलों में 2.5 अरब रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित कानून पत्रकारों के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी करेगा। पत्रकार संगठनों का कहना है कि कई मौकों पर पत्रकारों को लोगों की व्यक्तिगत जानकारियां सार्वजनिक करनी पड़ती हैं। इस बिल के कानून बनने के बाद ऐसा करना जोखिम भरा हो जाएगा। पत्रकारों और मीडिया घरानों पर इस कानून के तहत कार्रवाई का खतरा मंडराता रहेगा। सरकार का दावा है कि यह कानून नागरिकों के डेटा को संरक्षित करने के लिए बनाया जा रहा है। मगर बिल के प्रावधानों से ऐसा भरोसा नहीं बंधा है। बेहतर होता कि सरकार सभी हित-धारकों की चिंताओं का निवारण करने के बाद यह बिल संसद में लाती। लेकिन आज के दौर में ऐसी अपेक्षा करना कुछ ज्यादा मांगने जैसा हो गया है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट,
दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair

DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688

RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

स्वीप: 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने लिया मतदान का संकल्प

रायगढ़। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में औद्योगिक क्षेत्र के जेएसपीएल परिसर पतरापाली रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां 700 से अधिक औद्योगिक कर्मियों ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प पत्र भरा और मतदान की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा द्वारा गत निर्वाचन में हुई वोटिंग की समीक्षा की गई थी। जिसमें पाया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुए थे। जिस पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने इन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने स्वीप कार्यक्रम की कार्ययोजना बना कर गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत आज जेएसपीएल में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में आने वाले दिनों में अन्य इकाइयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी निर्वाचन के मद्देनजर उद्योग कर्मियों की मतदान में सहभगिता बढ़ाने, उन्हें जागरूक करने एवं मतदान से जुड़ी जरूरी जानकारी प्रदान करने हेतु औद्योगिक इकाइयों में इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया जा रहा है। जो उस इकाई के वरिष्ठ अधिकारी होंगे। आज जेएसपीएल में हुए कार्यक्रम में जनरल मैनेजर एचआर सुधीर राय को इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाया गया।

आदिवासियों की जीवनशैली व परंपराओं से अवगत हुए विद्यार्थी

कोरबा। विश्व के आदिवासी लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाता है । यह एक ऐसा दिन है जो दुनियाभर के लोगों को दुनिया की आदिवासी आबादी के अधिकारों के बारे में जागरूक करता है। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने आदिवासियों की परंपराओं व संस्कृति को जाना। आदिवासियों की विभिन्न पारंपरिक परिधानों को पहनकर विद्यार्थियों ने नृत्य किए। अलग-अलग प्रकार के परिधानों में विद्यार्थी आदिवासियों की वेशभूषा को प्रदर्शित कर उन्हें सम्मान अर्पित कर रहे थे।विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक हरिशंकर सारथी ने इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों को विभिन्न आदिवासी नृत्यों का प्रशिक्षण देकर नृत्य करवाया जिसमें करमा, ददरिया, डंडा, सरहुल इत्यादि नृत्य सम्मिलित थे। पूरा विद्यालय परिसर अलग.अलग आदिवासी परिधानों से सुशोभित हो रहा था। विद्यालय शिक्षक लकरा ने विद्यार्थियों के शंकाओं को दूर करते हुए आदिवासियों की परंपराओं, संस्कृतियों, त्योहारों, वेशभूषा, नृत्य, बोली इत्यादि से परिचित करवाया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 93 करोड़ 61 लाख 75 हजार रूपए की लागत के 112 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित 538 हितग्राहियों को 1 करोड़ 16 लाख रूपए की सामग्री का किया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डुमरडीहकला में आयोजित किसान-मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह की जीवनी पर आधारित त्यागमूर्ति स्मृति पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने किसान-मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम में 93 करोड़ 61 लाख 75 हजार रूपए की लागत के 112 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 57 करोड़ 37 लाख 78 हजार रूपए की लागत के 98 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 36 करोड़ 23 लाख 97 हजार रूपए की लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 538 हितग्राहियों को 1 करोड़ 16 लाख 15 हजार रूपए की सामग्री का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत विभाग के अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत 20 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए की लागत के 2 विकास कार्य, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अंतर्गत 40 लाख 40 हजार रूपए की लागत के 2 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 6 करोड़ 86 लाख 84 हजार रूपए की लागत के 16 विकास कार्य तथा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 27 करोड़ 28 लाख 2 हजार रूपए की लागत के 7 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 25 लाख 86 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्यों, कार्यपालन अभियंता सेतु निर्माण राजनांदगांव अंतर्गत 23 करोड़ 61 लाख 27 हजार रूपए की लागत के 4 विकास कार्य, सीजीएमएससी राजनांदगांव अंतर्गत 1 करोड़ 76 लाख 64 हजार रूपए की लागत के 5 विकास कार्य एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 10 करोड़ 60 लाख 20 हजार रूपए की लागत के 1 विकास कार्य का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने मछली पालन विभाग अंतर्गत 4 हितग्राहियों को 32 हजार रूपए के आईस बाक्स व मछली जाल, कृषि विभाग के 6 हितग्राहियों को 63 हजार 933 रूपए की लागत के बैटरी स्प्रेयर, पावर स्प्रेयर, विद्युत पंप तथा डीजल पंप वितरण किया। इसी तरह श्रम विभाग अंतर्गत मिनीमाता महतारी जतन योजना से लाभान्वित 312 हितग्राहियों को 62 लाख 40 हजार रूपए, नोनी सशक्तिकरण योजना से लाभान्वित 160 हितग्राहियों को 32 लाख रूपए, सियान सहायता योजना से लाभान्वित 44 हितग्राहियों को 8 लाख 80 हजार रूपए, श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना से लाभान्वित 10 हितग्राहियों को 10 लाख रूपए तथा मुख्यमंत्री नोनी, बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना से लाभान्वित 1 हितग्राही को 1 लाख रूपए का चेक वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत स्वसहायता समूह को 1 लाख रूपए का ऋण प्रदाय किया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक मोहला-मानपुर इन्द्रशाह मंडावी, राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू, विधायक खैरागढ़ श्रीमती यशोदा वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव ओमप्रकाश साहू, जीव-जन्तु बोर्ड के सदस्य संजय जैन, समाज सेवी पदम कोठारी, समाज सेवी रतन यादव, सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी राहुल भगत, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित ठाकुर प्यारे लाल सिंह के परिजन नीलकांत सिंह, आशीष सिंह, श्रीकांत सिंह, विश्वजीत सिंह, सौमित्र सिंह, नरेन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्य, पंचगण, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसके अलावा ठाकुर प्यारे लाल सिंह के अन्य परिजन इंदौर, श्रीनगर, भोपाल, बीना, दुर्ग, रायपुर से भी इस अवसर पर उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री से क्रेडाई छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शाम यहां उनके निवास कार्यालय में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा 21 अगस्त को एक निजी होटल में आयोजित स्टेटकॉन 2023 एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री संजय रहेजा ने बताया की मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के रियल स्टेट सेक्टर में पिछले लगभग 5 वर्षों में अच्छी प्रगति हुई है। शासन प्रशासन के सहयोग से इस सेक्टर में आशातीत प्रगति होने के साथ ही रोजगार भी बढ़े हैं। उन्होंने बताया की इस स्टेटकॉन में प्रदेश के सभी रियल स्टेट डेवलपर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर क्रेडाई के नेशनल वाइस प्रेसीडेंट आनंद सिंघानिया और क्रेडाई छत्तीसगढ़ के सदस्यगण विजय नथनानी, रवि फत्तनानी एवं मृणाल गोलछा मौजूद थे।

जिला प्रशासन और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। जिला प्रशासन और यूनिसेफके तकनीकी सहयोग से ''युवोदय हसदेव के हीरो'' कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। ''युवोदय हसदेव के हीरो'' कार्यक्रम समुदाय के द्वारा, समुदाय के लोगों के लिए शुरू की गई, स्वयंसेवा की एक पहल है। यह मंच स्वयंसेवकों को सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, किशोर-किशोरियों का संपूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास, अभिभावकों का बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी एवं युवाओं का योगदान जैसे क्षेत्रों के प्रति लोगों को जागरूक करने और जिले में अपनी सेवा देने के अवसर प्रदान करता है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित सभी अधिकारी एवं युवोदय हसदेव के हीरो के युवा स्वयंसेवकों को जांजगीर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए युवोदय हसदेव के हीरो कार्यक्रम में अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

जिला पंचायत जांजगीर - चाम्पा

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि यूनिसेफ पूरी दुनिया के बच्चों के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाता है। हसदेव जांजगीर-चांपा जिले की जीवन रेखा है और हसदेव के हीरो भी इसी तरह जिले में अपना सहयोग देकर बेहतर समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभायेंगे। युवा समाज में आगे बढ़कर शिक्षा, नशामुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ''हसदेव के हीरो'' ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों के पालकों को शिक्षा के लिए जागरूक करने का कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने कहा कि किशोर अवस्था बनने या बिगड़ने की अवस्था होती है। इस समय सही मार्गदर्शन आवश्यक होता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हसदेव के हीरो कार्यक्रम अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रहेगी। युवा चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा समाज और प्रशासन के कार्यों में सहयोग देंगे।

ठाकुर प्यारे लाल उद्यान में किया पौधरोपण

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सेम्हरादैहान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान ठाकुर प्यारे लाल सिंह उद्यान में पौधरोपण किया। उन्होंने ठाकुर प्यारे लाल सिंह के परिवारजनों से भी मुलाकात की।



इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक मोहला-मानपुर श्री इन्द्रशाह मंडावी, राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, समाज सेवी पदम कोठारी, समाज सेवी रतन यादव, सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी राहुल भगत, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीणा, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित ठाकुर, प्यारे लाल सिंह के परिजन नीलकांत सिंह, आशीष सिंह, श्रीकांत सिंह, विश्वजीत सिंह, सौमित्र सिंह, नरेन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्य, पंचगण, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसके अलावा ठाकुर प्यारे लाल सिंह के अन्य परिजन इंदौर, श्रीनगर, भोपाल, बीना, दुर्ग, रायपुर से भी इस अवसर पर उपस्थित हुए।

उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारे लाल सिंह का जन्म 21 दिसम्बर 1891 को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सेम्हरादैहान में हुआ था। इनके पिता ठाकुर दीनदयाल सिंह एवं माता श्रीमती नर्मदा देवी सिंह थी। इन्होंने वर्ष 1914 में नांदगांव रियासत के दीवान हटाओ आंदोलन तथा वर्ष 1919, 1924 एवं 1933 में बीएनसी मिल मजदूरों की हड़ताल का नेतृत्व करते हुए मजदूरों के अधिकार के लिए संघर्ष किया। वर्ष 1920 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उनके द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन के दौरान वकालत का त्याग कर दिया। वे वर्ष 1924 में राजनांदगांव नगर पालिका तथा वर्ष 1936, 1940 एवं 1944 में रायपुर नगर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वर्ष 1930 में किसान आंदोलन का नेतृत्व करने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन इस आंदोलन में सतत रूप से शामिल होने के कारण उन्हें वर्ष 1932 में पुनः रायपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। ठाकुर प्यारे लाल सिंह वर्ष 1933 में रायपुर से विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। उन्होंने वर्ष 1936 में रायपुर में छत्तीसगढ़ कॉलेज की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ एजुकेशन सोसायटी का गठन किया।

जिसमें इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छत्तीसगढ़ में अनेक सहकारी संघों की स्थापना के लिए विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने वर्ष 1946 में छत्तीसगढ़ के देशी रियासतों के भारत संघ में विलय के लिए चलाये गये अभियान का नेतृत्व किया। वर्ष 1952 में पुनः रायपुर से विधायक निर्वाचित होकर नागपुर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे। ठाकुर प्यारे लाल सिंह का 20 अक्टूबर 1954 को देहावसान हो गया और भू-दान आंदोलन के प्रथम शहीद घोषित किए गए।

जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन कल

महासमुंद। संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित टाऊन हाल में शनिवार 12 अगस्त 2023 को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक होना सुनिश्चित किया गया है। इस शिविर में आयुर्वेद व यूनानी के चिकित्सकों द्वारा जनजागरूकता, परामर्श व चिकित्सा दी जाएगी। योग चिकित्सक द्वारा जीवन में दैनिक उपयोग में आने वाले योग से जुड़े उपाय व व्याधि विशेष में उपयोगी योग आसन आदि के बारे में जानकारियां दी जाएंगी। एलोपैथी टीम के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श,जाँच की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ऊं साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी
सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

विनोबा ऐप से शिक्षा में होगा नवाचार, मिलेगी शिक्षण सामाग्री और सर्कुलरः कलेक्टर

रायपुर (ए)। जिला प्रशासन द्वारा जिले में शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जिला प्रशासन एवं ओपन लिंक फॉउण्डेशन संस्थाएक समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गये। इस समझौते अनुसार विनोबा एप्प के माध्यम से जिले में शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित की जाएगी। फाउंडेशन के कर्मचारी शिक्षकों को मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ओपन लिंक फॉउण्डेशन के ट्रस्टी राजीव कुमार एवं फाउंडर ट्रस्टी संजय डालमिया उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि यह शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नवाचार किए जाते रहे हैं परंतु यह नवाचार अपने आप में विशिष्ट है। यह शिक्षकों को उनकी दक्षता बढ़ानें में सहयोग करेगा। साथ ही उन पर उनके कार्यों को सुगम बनाते हुए उनपर अनावश्यक कार्यों के बोझ को कम करेंगा। यह शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा।संजय डालमिया ने बताया कि विनोबा ऐप न केवल शिक्षकों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएगी बल्कि इसके माध्यम से टीचर रिकॉग्निशन एवं मोटिवेशन का कार्य भी किया जा सकेगा। इस ऐप के माध्यम से फील्ड की मॉनिटरिंग एवं विभिन्न तरह के कार्यक्रमों की डाटा विश्लेषण एवं समीक्षा भी संभव हो पाएगा। इस एप में जिले के सभी स्कूलों एवं शिक्षकों की जानकारी फीड की जायेगी। सभी शिक्षकों को इसमें लोगों के माध्यम से अपने स्कूल एवं कक्षागत गतिविधियों एवं फोटो वीडियों आदि शेयर करने की सुविधा होगी। जिसे संकुल ब्लॉक एवं जिला लेवल के अधिकारियों द्वारा देखा जा सकेगा तथा निर्देश दिए जा सकेंगें।

हर-घर फहरेगा तिरंगा, इंडिया पोस्ट के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज की हो रही बिक्री

रायपुर। सरकार द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए अथक परिश्रम करने वालों के योगदान को याद करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ दिनेश कुमार मिस्त्री ने सभी सचिवों को परिपत्र जारी कर कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त की अवधि के दौरान समस्त कार्यालयों, सभी घरों में तिरंगा फहराने के लिये प्रोत्साहित किये जाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्थित सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज, जिसका आकार 20 इंच गुणा 30 इंच एवं मूल्य 25 रुपये प्रति झण्डा है, का विक्रय किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल ने विभिन्न डाकघरों के माध्यम से 5 लाख राष्ट्रीय ध्वज विक्रय करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने आग्रह किया है कि सभी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, साथ ही आम नागरिकों को भी डाकघरों से झंडा क्रय करने हेतु एवं अपने-अपने घरों में भी ध्वजारोहण करने हेतु प्रोत्साहित करें, ताकि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाया जा सके। यदि आपके कार्यालय को अधिक संख्या में झंडे की आवश्यकता हो, तो डाकघर या इस कार्यालय को तत्काल सूचित करें, ताकि मांग अनुसार आपूर्ति की जा सके।

राज्य ओपन स्कूलः हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में सितम्बर-अक्टूबर की परीक्षा 26 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित सितम्बर-अक्टूबर परीक्षा 2023 की समय-सारिणी का निर्धारण किया गया है, जिसमें हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 26 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक और हाई स्कूल की परीक्षा 26 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगी। परीक्षा का समय प्रात 8.30 से 11.45 बजे तक निर्धारित किया गया है। राज्य ओपन स्कूल के सचिव ने बताया कि छात्र-छात्राएं परीक्षा से संबंधित समय-सारिणी का समीपस्थ अध्ययन केन्द्र से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं कार्यालय की वेबसाईट www.sos.cg.nic.in पर भी समय-सारिणी उपलब्ध है, जिसे छात्र डाउनलोड कर सकते हैं।

सुरक्षा और शांति बनाए रखने में पुलिस सेवा की अहम भूमिकाः मुख्यमंत्री बघेल

मुख्यमंत्री ने माना में आधुनिक कंपोजिट इंडोर फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का किया शुभारंभ

रायपुर, दुर्ग तथा बलरामपुर में पुलिस ट्रांजिट हॉस्टल भवनों का शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के माना स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आधुनिक कंपोजिट इंडोर फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान पुलिसिंग सेवा को और बेहतर बनाने के लिए नवीन पुलिस वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए आधुनिक तकनीक तथा पुलिस सुविधाओं से युक्त साईबर थाना, महिला हेल्प डेस्क सहित विभिन्न भवनों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अुनसार फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का निर्माण 6.67 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है, इससे छत्तीसगढ़ पुलिस को उत्तम और बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस सेवा की अहम भूमिका होती है। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में पुलिस सेवा को सुदृढ़ बनाने हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत उन्हें बेहतर वातावरण, बेहतर सुविधाएं तथा बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत आज आधुनिक कंपोजिट इंडोर फायरिंग रेंज 'लक्ष्य' का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। इससे पुलिस बल की ताकत तथा क्षमता और बढ़ जाएगी तथा वे बेहतर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पौने पांच वर्षों के दौरान आप लोगों ने प्रदेश की शांति और सुरक्षा को कायम रखने की दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके परिणाम स्वरूप हमारे राज्य की कानून व्यवस्था अन्य राज्यों से बेहतर है, यह राज्य में पुलिसिंग सेवा की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है।

गृहमंत्री साहू ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा विकास के साथ-साथ सुरक्षा हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही पुलिसिंग सेवा को अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस करते हुए और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। कार्यक्रम को पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेश प्रदीप गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में पुलिसिंग सेवा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार पहल आदि के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान 16 वीं वहिनी, छसबल नारायणपुर में 16 अराजपत्रित व 32 प्रधान आरक्षक, आरक्षक के लिए आवासगृह तथा जिला बलरामपुर, रायपुर और दुर्ग में पुलिस ट्रांजिट हॉस्टल भवनों का शिलान्यास किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क के लिए 67 नवीन दो पहिया वाहन (स्कूटी) एवं जिला पुलिस इकाईयों के लिए 155 नए बोलेरो वाहन की चाबियां भी पुलिस विभाग को सौंपी।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्य नारायण शर्मा, प्रमुख सचिव गृह मनोज पिंगुआ, सचिव गृह अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पवन देव, हिमांशु गुप्ता, एसआरपी कल्लूरी, विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा, अजय यादव, ओपी पाल, रतनलाल डांगी, आरपी साय, डॉ. संजीव शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा में रेंज स्तरीय नए साईबर पुलिस थानों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा में रेंज स्तरीय नए साईबर पुलिस थानों का भी शुभारंभ किया। वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते साईबर अपराध को देखते हुए साईबर घटनाओं की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही और इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह साईबर थाने प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही नवीन सुदृढ़ीकृत थाना भवनों कोंडागांव जिले बड़े डोंगर, नारायणपुर जिले के फरसगांव और सोनपुर बलरामपुर जिले के बलरामपुर चलगली और रामचन्द्रपुर, महासमुंद जिले के सराईपाली, दुहलू और कोमाखान, दन्तेवाड़ा जिले में कटेकल्याण, कबीरधाम जिले में चिल्फी और सिंघनपुरी और राजनांदगांव जिले के पाटनखास का भी उद्घाटन किया।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों की बढ़ी पेंशन राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निराश्रितों, बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा तथा परित्यक्ता महिलाओं के लिए इस वर्ष 2023-24 के बजट में बड़ी घोषणा करते हुए उनको सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत दी जाने वाली मासिक पेंशन की राशि 350 रूपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति माह कर दी है। घोषणा के परिपालन में समाज कल्याण विभाग ने सभी कलेक्टरों, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका, नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को बढ़ी दर पर पेंशन राशि का नियमित भुगतान करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में 22.38 लाख से अधिक हितग्राही सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

जारी आदेश के अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि में 01 जुलाई 2023 से वृद्धि की गई है। राशि में बढ़ोत्तरी किए जाने के बाद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब 60 से 79 आयु वर्ग के हितग्राहियों को 350 रूपए की जगह 500 रूपए पेंशन मिलेगी। इस योजना के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हितग्राहियों को पूर्ववत 650 रूपए पेंशन दी जाएगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 350 रूपए के स्थान पर 500 रुपए पेंशन दी जाएगी।

अर्थाभावग्रस्त कलाकारों-छात्रों से छात्रवृत्ति प्रोत्साहन के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर। संस्कृति विभाग द्वारा राज्य के अर्थाभावग्रस्त होनहार कलाकारों-छात्रों से अर्थाभावग्रस्त होनहार कलाकार छात्रवृत्ति प्रोत्साहन के लिए आवेदन डाक के माध्यम आमंत्रित की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2023 निर्धारित है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के होनहार किन्तु अर्थाभावग्रस्त युवा कलाकारों को उच्च प्रशिक्षण, शिक्षा के लिए ऐसे छात्र-छात्राएं जो संगीत, नृत्य, प्रदर्शनकारी कला विधा में शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था में अध्ययनरत, गुरूशिष्य परंपरा के तहत पारंपरिक लोक कलाएं सीखने वाले बच्चों तथा बच्चों को संस्कृति विभाग द्वारा महत्वपूर्ण विधा के अनुरूप मासिक छात्रवृत्ति प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से 'अर्थाभावग्रस्त होनहार' युवा कलाकारों, छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना स्थापित किया गया है।

प्रदर्शनकारी कला/विधा एवं उप विधाओं में छत्तीसगढ़ के लोक/पारंपरिक जनजातीय कलाएं (छत्तीसगढ़ की समस्त पारंपरिक जनजातीय और लोक नाट्य, नृत्य, गीत-संगीत, खेल, चंदैनी, भरथरी, गोपी-चंदा, पंडवानी, घोटुलपाटा, धनकुल, जगार तथा छत्तीसगढ़ की अन्य पारंपरिक लोक जनजातीय गाथाएं, वाद्य, पाक कला, सौन्दर्यकला, गायन, वादन आदि), शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य तथा नृत्य संगीत , रंग मंच, दृश्य कला और सुगम शास्त्रीय संगीत शामिल हैं। आवेदन के लिए पात्रता एवं सामान्य शर्तें निर्धारित की गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के वास्तविक निवासी हो, आवेदक की आयु 15 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो, आवेदक अथवा उनके परिवार की वार्षिक आय 72000 रूपए से अधिक न हो, संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से किया गया हो। इन आवेदकों को विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक प्रोत्साहन राशि न्यूनतम पांच हजार रूपए से अधिकतम दस हजार रूपए होगी। प्रोत्साहन की राशि डिमांड ड्राफअथवा ई-पेमेंट के माध्यम से देय होगा। प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।

मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ बना पांचवा बड़ा राज्य

मत्स्य पालको को हो रहा उत्तम किस्म के मत्स्य बीज की आपूर्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा मछली पालन को कृषि का दर्जा प्रदान किये जाने से मत्स्य कृषकों को बिजली दर में छूट एवं निःशुल्क पानी और बिना ब्याज ऋण प्राप्त मिलने से उत्पादन लागत में बहुत कमी आई है। मत्स्य कृषकों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यो में शामिल है। अब यहॉ मछली अनुसंधान के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की इकाईया भी आगे आ रही है और छत्तीसगढ़ राज्य को मत्स्य पालन के क्षेत्र में बेस्ट इनलैंड स्टेट का पुरस्कार भी मिल चुका है।

छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन निरंतर विकास एवं प्रगति की ओर बढ़ रहा है। राज्य में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के तहत मत्स्य बीज उत्पादन कार्य से लेकर मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन का कार्य किया जा रहा है। राज्य मत्स्य बीज आपूर्ति के क्षेत्र में आत्म-निर्भर एवं भारत के अंतर्देशीय मत्स्य बीज उत्पादन के क्षेत्र में छठवें स्थान से पांचवा बड़ा राज्य बन गया है। विगत पौने पांच वर्षों में राज्य का मत्स्य बीज उत्पादन 251 करोड़ से बढ़कर 344 करोड़ स्टेंडर्ड फ्राई हो गया है। मत्स्य बीज उत्पादन में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य जहां तैयार की गई आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी गतिविधि आधारित पुस्तिकाः मंत्री रविन्द्र चौबे

शिक्षामंत्री के कर कमलों से पुस्तिका का हुआ विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य ने अभूतपूर्व कार्य करते हुए बालवाड़ी एवं आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए गतिविधि पुस्तिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के लिए दैनिक कार्य योजना का निर्माण किया है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जिसने इस क्षेत्र में पुस्तिका का निर्माण किया है। मंत्री रविन्द्र चौबे ग्रामीण विकास एवं पंचायत संस्थान निमोरा के सभागार में आयोजित पुस्तिका विमोचन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

बालवाड़ी एवं आंगनवाड़ी हेतु ECCE के अनुरूप दैनिक कार्य योजना एवं गतिविधि पुस्तिका
शुभारंभ
दिनांक- 10-08-2023
माननीय मंत्री श्री रविन्द्र चौबे जी
आयोजक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (छ.ग.), शंकर नगर, रायपुर
सहयोग
यूनीसेफ छत्तीसगढ़ रायपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने पुस्तिका के लिए दोनों विभाग और उनके संचालकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में इसके धरातल में क्रियान्वयन पर जोर दिया। साथ ही छत्तीसगढ़ के छोटे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इसे नितांत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. एस भारती दासन द्वारा इसके महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा गया कि इससे हमारी शिक्षा की नीव मजबूत होगी जिसका लाभ हमें आगे मिलेगा।

यह पुस्तिका राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ईसीसीई के अनुरूप यूनिसेफ के सहयोग से 03 से 06 वर्ष के बच्चो के लिए तैयार की गई है। जिसके लिए एससीईआरटी की विशेषज्ञ टीम द्वारा पिछले एक वर्ष से लगातार इसमें मेहनत की है। इस अवसर पर सचिव स्कूल शिक्षा डॉ एस भारतीदासन, विशेष सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक एससीईआरटी राजेश सिंह राणा, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या उमेश मिश्रा, यूनीसेफ के विशाल वासवानी की गरिमामय उपस्थित थे।

कार्यक्रम में संचालक एससीइआरटी राजेश सिंह राणा द्वारा इस पुस्तिका के निर्माण, महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आगे की कार्य योजना बताई। इस मौके पर खिलौना आधारित शिक्षण शास्त्र पर खिलौना प्रर्दशनी भी लगाई गई। इस अवसर पर एससीईआरटी की उप संचालक पुष्पा किष्पोट्टा सहित अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक, शिक्षिकाए आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में यूनिसेफ से गार्गी परदेसी, एससीईआरटी से सुनील मिश्रा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी, गिरजा शंकर शुक्ला प्रशिक्षण समन्वयक सहित पूरे टीम का कार्य व सहयोग रहा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel
Apana Keshari Lodge,
Power House,
Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com


BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183

व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहन पूजा हेगड़े ने इंटरनेट पर लगाई आग

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक बार फिर से उनकी स्टाइलिश अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंटरनेट पर पोस्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने बेहद कम समय में लोगों के बीच अपनी एक खास पहचान बना ली है। अब हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े ने व्हाइट कलर की सिंगल स्लीवलेस ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर जमकर लाइक करते हैं।

एक हफ्ते में बढ़ जाए इतना वजन तो हो जाइए सावधान फेल हो सकता है हार्ट

शरीर का वजन ज्यादा कम या ज्यादा बढ़ना दोनों ही सेहत के लिए ठीक नहीं है। अंडरवेट होने से कमजोरी आती है और ओवरवेट होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। वजन बढ़ना हार्ट फेल होने का संकेत भी हो सकता है। इससे कई और गंभीर बीमारी हो सकती है। वजन बढ़ना तब और खतरनाक हो सकता है, जब हफ्तेभर में ही काफी तेजी से बढ़ जाए। आइए जानते हैं एक हफ्ते में कितना वजन बढ़ जाना ज्यादा माना जाता है।

इतना वजन बढ़ना दिल के लिए खतरनाक

रिपोर्ट के अनुसार, अगर एक हफ्ते में 2 ।2 किलोग्राम से ज्यादा वजन बढ़ जाए या एक दिन में 1 से 1 ।5 किलो वजन बढ़ जाए तो हार्ट फेल भी हो सकता है। इससे दिल का कामकाज प्रभावित होता है और शरीर में पानी भरने लगता है।

किडनी खराब हो सकता है

अचानक से वजन का बढ़ना किडनी की सेहत के लिए भी खतरनाक है। इससे किडनी सही तरह से काम नहीं कर पाता है और शरीर में पानी भरने लगता है। इसके चलते शरीर में सूजन और तेजी से वजन बढ़ने जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

लिवर सिरोसिस का खतरा

बहुत तेजी से पेट निकलना लिवर सिरोसिस से हुई सूजन भी हो सकती है। इसमें लिवर तेजी से खराब हो सकता है। शराब का ज्यादा सेवन, हेपेटाइटिस या कोई दूसरी बीमारी भी लिवर सिरोसिस का कारण बन सकती है।

ओवेरियन कैंसर

अगर महिलाओं में तेजी से वजन बढ़ रहा है तो ये कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। इससे ओवेरियन कैंसर में वेट गेन या ब्लोटिंग की समस्या भी हो सकती है। इसके साथ पेट में दर्द, नींद न आना, बार-बार पेशाब लगना,, भूख न लगना जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

थायराइड की प्रॉब्लम

जब शरीर में थायराइड हॉर्मोन कम बनने लगता है तो वजन तेजी से बढ़ता है। ये बीमारी मेटाबॉलिज्म को स्लो कर देती है, जिससे बॉडी का फैट बढ़ जाता है और उसमें पानी भरने लगता है।

कपड़ों से मेकअप के दाग हटाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

अक्सर जब महिलाएं जल्दबाजी में मेकअप करती हैं तो यह कपड़ों पर भी गिर जाता है, जिससे कपड़े खराब लगने लगते हैं। इस समस्या से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मेकअप करते समय गले की तरफ से कपड़ों पर टिश्यू लगा लें ताकि उत्पाद कपड़ों पर न गिरे। इसके बावजूद अगर किसी भी कारणवश आपके कपड़ों पर मेकअप का दाग लग जाता है तो इन 5 तरीकों की मदद से आप इससे छुटकारा पा सकती हैं।

शेविंग क्रीम का करें उपयोग

शेविंग क्रीम का उपयोग कपड़ों से फाउंडेशन का दाग हटाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को ठंडे पानी से धोने या वॉशिंग मशीन में डालने से पहले क्रीम को लगभग 10 मिनट के लिए कपड़े पर लगाकर छोड़ दें। यह उपाय लिपस्टिक, लिक्विड आईशैडो या सीरम सहित किसी भी तेल-आधारित उत्पाद को कपड़ों से हटाने में भी मदद कर सकता है।यहां जानिए शेविंग क्रीम से जुड़े हैक्स।

रबिंग अल्कोहल आएगा काम

अगर आपके किसी कपड़े पर किसी मेकअप उत्पाद का दाग लग गया है तो उसे छुड़ाने के लिए कॉटन बॉल या वॉशक्लॉथ पर थोड़ा रबिंग अल्कोहल डालें। इसके बाद इसे दाग से प्रभावित हिस्से पर हल्के हाथों से रगड़ें।यह तरीका मुख्य रूप से लिपस्टिक के दाग हटाने के लिए अच्छा है। हालांकि, अगर आपके पास रबिंग अल्कोहल नहीं है तो आप इसकी जगह एसीटोन या नेल पॉलिश रिमूवर भी आजमा सकते हैं।

ब्लो ड्रायर से भी दूर होगा दाग

अगर कभी चेहरे पर लूज पाउडर का उपयोग करते समय यह गहरे रंग के कपड़ों पर गिर जाता है तो इस पर हाथ फेरने की गलती न करें। इस तरह से आपके कपड़े खराब हो सकते हैं। लूज पाउडर या फिर अन्य पाउडर आधारित उत्पादों को कपड़ों से हटाने के लिए ब्लो ड्रायर का उपयोग करना अच्छा है। लाभ के लिए ब्लो ड्रायर को कोल्ड सेटिंग पर सेट करके इसे थोड़ी दूर से कपड़े पर फहराएं।

ब्लीच भी है प्रभावी

अगर आप किसी सफेद रंग के कपड़े से मेकअप के दाग हटाना चाहते हैं तो इसके लिए ब्लीच का उपयोग करना बेहतरीन है। लाभ के लिए कपड़े के दाग वाले हिस्से के पिछले हिस्से पर धीरे से थोड़ा ब्लीच लगाएं। अब कपड़े को रगड़ें नहीं, बल्कि कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद कपड़े को ठंडे पानी से धो लें।

साबुन के पानी से भी होगा काम

अगर आपके पास ऊपर बताए गए उत्पादों में कुछ भी नहीं है तो आप साबुन के पानी की मदद से भी कपड़ों से मेकअप के दाग हटा सकते हैं। लाभ के लिए थोड़े से पानी में लिक्विड सोप घोलें, फिर इसे दाग वाले हिस्से पर डालकर हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें। वैकल्पिक रूप से आप इस काम के लिए डिशवॉशिंग लिक्विड या साबुन का भी उपयोग कर सकते हैं।

फारिया अब्दुल्ला द जेंगाबुरु कर्स के दृश्यों को शूट करने खदान के अंदर 500 फीट गहराई तक गई

अभिनेत्री फारिया अब्दुल्ला, जो अपनी आगामी स्ट्रीमिंग श्रृंखला द जेंगाबुरु कर्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने साझा किया है कि श्रृंखला के कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए टीम खदानों के अंदर 500 फीट गहराई तक गई थी। इसके लिए उन्हें हेलमेट और जूते पहनने पड़े।

शूटिंग के कारण ऑक्सीजन का स्तर भी गिर गया। अपने शूटिंग अनुभव के बारे में बात करते हुए, प्रियंबदा दास का किरदार निभाने वाली फारिया अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने वास्तविक स्थानों पर शूटिंग की है, चाहे वह हवाई अड्डा हो या बाजार।

उन्होंने कहा, टीम ने स्थानों की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए वास्तव में प्रयास किए हैं। मुझे याद है कि एक व्यस्त बाजार में शूटिंग की गई थी और टीम लगातार लोगों को कैमरे में न देखने और कहीं और देखने का निर्देश दे रही थी। सबसे रोमांचक लेकिन रोमांचकारी हिस्सा शूटिंग का मुख्य भाग वास्तविक खदानों में शूट करना था। हम कुछ दृश्यों को शूट करने के लिए खदान के अंदर 500 फीट की गहराई तक गए। हमें हेलमेट और जूते पहनने पड़े, जैसे ही हम खदान के अंदर गए, ऑक्सीजन का स्तर गिर गया। हम डर गए थे लेकिन अनुभव असली था। स्टूडियो नेक्स्ट द्वारा निर्मित, द जेंगाबुरु कर्स नीला माधब पांडा द्वारा निर्मित और निर्देशित है। मयंक तिवारी द्वारा लिखित, पाउलो पेरेज़ श्रृंखला में डीओपी के रूप में कार्य करते हैं। आलोकानंद दासगुप्ता और दुर्गा प्रसाद महापात्र क्रमशः संगीत निर्देशक और प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में काम करते हैं। जबीन मर्चेंट द्वारा संपादित, श्रृंखला में फारिया अब्दुल्ला, नासिर, मकरंद देशपांडे, सुदेव नायर, दीपक संपत और हितेश दवे प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

जवान का नया पोस्टर रिलीजः पहली बार दिखी शाहरुख, विजय सेतुपति और नयनतारा की तिगड़ी

शाहरुख खान इस सप्ताह अपने फैंस को एक के बाद एक सरप्राइज दे रहे हैं। हाल ही में एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म जवान से अपना सोलो पोस्टर साझा किया। वहीं, अब सुपरस्टार ने नया पोस्टर जारी कर फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। इस पोस्टर में किंग खान अपने को-स्टार्स नयनतारा और विजय सेतुपति के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्टर में बाईं ओर शाहरुख खान, दाईं ओर विजय सेतुपति और बीच में पूरी तरह से हथियारों से लैस नयनतारा हैं।



शाहरुख खान ने जवान का नया पोस्टर जारी करते हुए फैंस को विजुअल ट्रीट दी है। वहीं, बादशाह ने इसके साथ कैप्शन में लिखा है, द डेयरिंग। द डैजलिंग। द डेंजरस। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि कौन क्या है। उन्होंने कैप्शन में आगे जोड़ा, जवान 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर में हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में, शाहरुख ने फिल्म से अपना एक सोलो पोस्टर साझा किया और उन्होंने इसे कैप्शन दिया, मैं अच्छा हूं, या बुरा हूं... पता लगाने के लिए 30 दिन। तैयार एएच? जवान दुनिया भर में 7 सितंबर 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। एटली के डायरेक्शन में बनी जवान एसआरके और गौरी खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

जवान में शाहरुख खान, नयनतारा और विजय सेतुपति के अलावा सान्या मल्होत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लहर खान, आलिया कुरेशी, रिद्धि डोगरा और सुनील ग्रोवर के साथ दीपिका पादुकोण जैसे सितारे भी लीड रोल में हैं। अब तक फिल्म का प्रीव्यू और पहला ट्रैक जिंदा बंदा रिलीज हो चुका है। फैंस अब इस फिल्म को पर्दे पर देखने के लिए 7 सितंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O.
&
CLERK,
MBA,
RLY.,
SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

विश्व आदिवासी दिवस : आदिवासियों के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

रायगढ़। जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासियों हेतु विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रायगढ़ एवं तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़, घरघोड़ा, बिलाईगढ़, भटगांव, खरसिया एवं सारंगढ़ में किया गया। इस अवसर पर जिला एवं तहसील स्तर पर पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा रैली निकाली गई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार कोशले ने बताया कि शिविर में आदिवासी अनुसूचित जाति व जनजाति महिलाओं एवं पुरूषों को मिलने वाली सहायता तथा उनके विधिक अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उन्हें दिए जाने वाली सहायता को विस्तार से बताया गया। विशेष न्यायालय का गठन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के उत्पीडऩ के अपराधों की सुनवाई हेतु सरकार द्वारा विशेष सत्र न्यायालय का गठन किया गया है। ऐसे अपराध की शिकायत थाने में या सीधे न्यायालय में की जा सकती है। शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का उत्पीडऩ रोकने कानून बनाया गया है। छुआछुत एवं अन्य घिनौने कृत्य देखे जाते थे। भारत के संविधान में इन कृत्यों को अपराध की श्रेणी में लेकर उनके निवारण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (उत्पीडऩ एवं छुआछुत निवारण) अधिनियम 1989 का सृजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी।

बारनवापारा अभ्यारण्य में विश्व हाथी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के आकर्षक अभ्यारण्य में विख्यात बारनवापरा अभ्यारण्य में 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर 12 अगस्त को शाम 4 बजे से 5 बजे तक ऑनलाईन क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसके लिए अपना नि:शुल्क पंजीयन वेबसाईट https//forms.gle/zbPWVVVQDFmMPyZW में 11 अगस्त को शाम 5 बजे तक कर सकते है। प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्यप्राणी) सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व हाथी दिवस पर अभ्यारण्य में कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय डाक विभाग के द्वारा बारनवापारा अभ्यारण्य के जंगली हाथियों के पोस्टल लिफाफा, पोस्ट कार्ड एवं डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा, जिससे डाक सुविधा के माध्यम से जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश जन-जागरूकता के उद्देश्य के साथ व्यापक स्तर पर पहुंच सके। पोस्टल विमोचन के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित लोंगो को बारनवापारा अभ्यारण्य में हाथियों के रहवास वाले क्षेत्रों में भ्रमण कराया जाएगा। जिससे जन सामान्य तक बारनवापारा में हाथियों की उपस्थिति और इस पारिस्थिकीय तंत्र के महत्व का पता चल सके। ''विश्व हाथी दिवस'' पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जंगली हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन में जनमानस का योगदान एवं हाथी-मानव द्वंद्व को कम करना तथा इस पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रखने का प्रयास करना है।

विकेन्द्रीकृत वार्षिक जिला योजना तैयार की जाएगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा राज्य योजना आयोग को विकेन्द्रीकृत जिला योजना निर्माण, समीक्षा, इन योजनाओं के आधार पर संसाधन वितरण की प्राथमिकता निर्धारित करने, राज्य शासन को समय-समय पर समुचित सुझाव देने का दायित्व प्रदान किया गया है। जिला स्तर पर विकेन्द्रीकृत वार्षिक योजना बनाए जाने के संबंध में संविधान में तथा राज्य द्वारा इस संबंध में बनाए गए अधिनियमों में विस्तृत प्रावधान किए गए हैं, जिनके अनुसार जिले के ग्रामीण तथा नगरीय निकायों द्वारा उनके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास की योजनाएं बनाई जाएंगी तथा इन योजनाओं को जिला योजना समिति द्वारा संकलित कर विकेन्द्रीकृत वार्षिक जिला योजना तैयार की जाएगी। यह उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर, जिला योजना समिति के पदेन सदस्य सचिव हैं। राज्य योजना आयोग द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से समन्वय कर वर्ष 2024-25 के लिये विकेन्द्रीकृत जिला योजना तैयार करने के लिये नवा रायपुर द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिला पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों को इसकी प्रति प्रेषित की गई है तथा विकेन्द्रीकृत वार्षिक जिला योजना तैयार कर जिला योजना समिति से अनुमोदित कराने के उपरांत राज्य योजना आयोग को 30 सितम्बर 2023 तक प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्यसभा में 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 81वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि दी गई

'भारत छोड़ो' का आह्वान अमृत काल में आज और भी अधिक प्रासंगिक है: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली (पीआईबी)। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 81वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उच्च सदन में उन्होंने संप्रभुता, अखंडता को बनाए रखने और भारत की सेवा के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का आह्वान किया। उन्होंने इसे आत्मनिरीक्षण करने और अपने नैतिक योगदान पर विचार करने का अवसर बताया।

IN THE CHAIR : HON'BLE CHAIRMAN

उपराष्ट्रपति ने संसद सदस्यों से राष्ट्र की सेवा में अधिक उत्साह के साथ फिर से समर्पित होने, लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने और राष्ट्रों के समूह में भारत के लिए गौरवपूर्ण स्थान सुरक्षित करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'भारत छोड़ो' का आह्वान आज हमारे अमृत काल में और भी अधिक प्रासंगिक है, क्योंकि यह आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि लोग क्या हासिल करने में सक्षम हैं, यदि वे दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ एक उद्देश्य के लिए मिलकर काम करते हैं। महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान पर विचार करते हुए, श्री धनखड़ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इसने जनता में एक नई ऊर्जा का संचार किया, जिसकी परिणति हमारे देश को औपनिवेशिक शासन से आजादी हासिल करने में हुई।

अपने वक्तव्य में राज्यसभा के सभापति ने स्वतंत्रता के बाद गरीबी उन्मूलन, साक्षरता को बढ़ावा देने, भेदभाव को खत्म करने और सामाजिक समावेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि देश इन क्षेत्रों में हासिल की गई निरंतर प्रगति पर गर्व करता है, क्योंकि हम 2047 में अपने शताब्दी समारोह की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

राज्यसभा के सभी सदस्यों ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के सम्मान में सदन में मौन रखा। माननीय सदस्यों, आज 9 अगस्त, 2023 को उस ऐतिहासिक दिन की 81वीं वर्षगांठ है, इसी दिन, 1942 में महात्मा गांधी द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत की गई थी। राष्ट्रपिता द्वारा दिए गए 'करो या मरो' के आह्वान ने जनता में नई ऊर्जा का संचार किया, जिसकी परिणति हमारे देश को औपनिवेशिक शासन से आजादी हासिल करने में हुई। यह संतोषजनक है कि आजादी के बाद गरीबी मिटाने, साक्षरता बढ़ाने, भेदभाव को खत्म करने और सामाजिक समावेश को प्रोत्साहन देने के प्रयास किए गए हैं।

अमृत काल में इन सभी मोर्चों पर देश को अपनी उपलब्धियों पर गर्व है और निस्संदेह हम 2047 में शताब्दी समारोह की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इन सभी पहलुओं में प्रगति निरंतर वृद्धि पर आधारित होगी। सदस्यगण, इस पवित्र अवसर पर हम उन सभी शहीदों को विनम्र और सम्मानजनक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

संसद सदस्य के रूप में यह हमारे लिए आत्मनिरीक्षण करने, अपने नैतिक योगदान पर विचार करने तथा राष्ट्र की सेवा में अधिक उत्साह के साथ फिर से समर्पित होने, लोगों की आकांक्षाओं को साकार करने और राष्ट्रों के समूह में भारत के लिए गौरवपूर्ण स्थान सुरक्षित करने का अवसर है। मैं सदस्यों से अपने स्थान पर खड़े होने और शहीदों की पवित्र स्मृति में मौन रखने का अनुरोध करता हूं।

पेशियों की संख्या कम करें राजस्व अधिकारी, जिससे आम नागरिकों को मिले लाभ - डॉ. अलंग

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने रायपुर जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली और तहसील-कलेक्टोरेट कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व के विवादित और अविवादित प्रकरणों का जल्द निपटारा करें ताकि लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो। राजस्व विभाग आम जनता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा विभाग है। यहां सभी वर्ग के लोग अपनी दैनंदिनी समस्याओं और मुद्दों को लेकर आते हैं। जिनका उनके पूरे जीवन पर तथा भविष्य पर असर पड़ता है। उनके समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने और जल्द सुलझाए ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर ना काटना पड़े। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों में बारंबार तिथि बढाये जाने से पक्षकार का समय और धन दोनो का अनावश्यक व्यय होता है। यथासंभव प्रयास किया जाए की आवश्यता होने पर ही पक्षकार को बुलाया जाकर प्रकरणों का त्वरित आदेश पारित करें। कोशिश करें पेशियों की संख्या कम हो। बटांकन के लिए अभियान चलाकर निपटारा करने का प्रयास करें। सीमांकन के प्रकरण का भी समाधान करें ।

कमिश्नर श्री अलंग ने रायपुर तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमे यह प्रयास करना है कि तहसील कार्यालय आने वाले आम नागरिकों से अधिक से अधिक शासन की सुविधाओं का लाभ मिले। राजस्व से जुड़े प्रकरण जैसे नामांकन, सीमांकन इत्यादि का निपटारा जल्द हो।

पेशियों की संख्या कम हो बार बार न आना पड़े। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई ना हो। उन्होंने कहा कि पटवारी प्रतिवेदन समय में प्राप्त हो, साथ ही नोटिस की तामिली में विलंब ना हो। कमिश्नर ने नाजिर शाखा के निरीक्षण के दौरान पंजीयों के उचित ढ़ंग से संधारित ना होने के कारण शाखा प्रभारी को कारण बताओ नोटिस देने का निर्देश दिया।

---

100 बिस्तर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में सिजेरियन प्रसव की हुई शुरूआत

श्रीकंचपनथ न्यूज

मुंगेली। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में सिजेरियन प्रसव की शुरूआत हो गई है। कलेक्टर राहुल देव ने सोमवार को मेटरनिटी आपरेशन थियेटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि पहले सिजेरियन प्रसव जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर में किया जाता था, लेकिन गर्भवती महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में 07 अगस्त से सिजेरियन प्रसव की शुरूआत हो गई है।

इस दौरान एक सिजेरियन प्रसव भी किया गया, जिसके बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, डीपीएम गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

रीपा में स्थानीय जरूरत के मुताबिक ग्रामीण उद्योगों की स्थापना की जाए: रविन्द्र चौबे

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने राज्य में विकसित किए जा रहे रीपा में स्थानीय जरूरतों के मुताबिक आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित की जाए। यहां पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

रीपा में ग्रामीण उद्योगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की अधोसंरचना तैयार की जाए जिससे यहां उद्योग लगाने वाले युवाओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हों। उन्होंने रीपा केंद्रों में परंपरागत व्यवसायों से जुड़े परिवारों के साथ ही सभी वर्गों के लोगों को जोड़ने कहा। श्री चौबे आज राजधानी रायपुर के ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत निमोरा के सभागार में पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने यहां 3 करोड़ 6 लाख रूपए की लागत से बने जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के भवनों का लोकार्पण भी किया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजना में राज्य को कुल 11,76,146 आवास का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध 8,68,223 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष 3,07,923 आवास निर्माणधीन है। निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूरा कराया जाए। राज्य में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे सभी कार्य आगामी दो माह के भीतर पूर्ण कर लिए जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गौठान से जुड़ी सभी महिलाओं को रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा इसके लिए शासन की विभिन्न योजनाओं विशेषकर उनको श्रम विभाग की योजनाओं से भी जोड़ा जाए। स्व-सहायता समूह की सभी महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के संबंध में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण दिया जाए।

समीक्षा बैठक में श्री चौबे ने अधिकारियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को प्रेरित करने को कहा। इससे लोगों की आमदनी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने गौठानों में आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ ग्रामीण उद्योग के लिए निरंतर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष हेतु लक्षित ग्रामों को दिसम्बर 2023 तक ओ.डी.एफ प्लस के किसी एक श्रेणी में व 50 प्रतिशत ग्रामों को ओ.डी.एफ मॉडल के रूप में विकसित करने हेतु निर्देशित किया।

उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने फाइलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान का किया वर्चुअल शुभारंभ

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा फाइलेरिया से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को कृमिनाशक दवा खिलाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री ने फाइलेरिया से बचाव के लिए सात जिलों में चलाए जा रहे सामूहिक दवा सेवन अभियान को भी सक्रिय सहभागिता से सफल बनाने की अपील संबंधित जिलों के लोगों से की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत और फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. जी.जे. राव भी शुभारंभ कार्यक्रम में ऑनलाइन मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने दोनों अभियानों का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य शासन फाइलेरिया रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज से सात जिलों दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, महासमुंद और मुंगेली में सामूहिक दवा सेवन अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 21 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वेक्टरजनित रोगों के उन्मूलन के लिए हम गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। श्री सिंहदेव ने उम्मीद जताई कि केंद्र स्तर, राज्य स्तर, विकासखंड स्तर और ग्राम स्तर पर किए जा रहे समन्वित प्रयासों से राज्य से फाइलेरिया का सम्पूर्ण उन्मूलन सुनिश्चित होगा।

01:09:36
Dr. Jeetendra Singroul
deepesh kumar
CGSWAN
Mute
Stop video
Share
Record

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आज राज्य के सभी जिलों में एक वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोरों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाज़ॉल 400 मि.ग्रा. की गोली का सेवन कराया गया। आज़ दवा खाने से छूट गए बच्चों को 17 अगस्त को माप-अप दिवस पर इसका सेवन कराया जाएगा। प्रदेश भर में बच्चों को दवा खिलाने के लिए 48 हजार 717 शिक्षकों और 45 हजार 374 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का कुपोषण मुक्त भारत एवं एनीमिया मुक्त भारत में अहम योगदान है।

फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सेंसिटाइज किया गया है। इसकी दवा के सेवन से प्रतिकूल घटना होने की संभावना बहुत कम होती है। जिन लोगों में कृमि या फाइलेरिया के परजीवी होते हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए विशेष शिविर

सूरजपुर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूरजपुर, रामानुजनगर, प्रेमनगर, बिहारपुर, ओड़गी, भैयाथान, लटोरी तथा प्रतापपुर को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों को द्वितीय विशेष पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 02 अगस्त 2023 को करने के उपरांत 02 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक दावा-आपत्ति प्राप्त किया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार 12 अगस्त दिन शनिवार, 13 अगस्त दिन रविवार, 19 अगस्त दिन शनिवार एवं 20 अगस्त 2023 को विशेष शिविर का आयोजन किया जाना है। मुनादी कराते हुये सभी बी.एल.ओ. एवं अभिहित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्राप्त करने क्षेत्रांतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर फोटोग्राफ्स एवं पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts ● Toys ● Cosmetics
Perfumes ● Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास-खबर

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को कुचला, मौत

कोरबा (ए)। जिले में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार शाम को गौ-माता चौक के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसके बाद गुरुवार को युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मामला कोतवाली थाना इलाके का है। भिलाई खुर्ध निवासी 24 साल का सचिन पटेल बाइक में अपने घर से कोरबा जा रहा था। इसी दौरान गौ माता चौक के पास यह हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार की टक्कर के बाद घायल युवक को जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था। युवक की हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जांच के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया था। जहां युवक ने इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस पंचनामा और पोस्टमॉर्टम के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं फरार ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है। फिलहाल शव को परिजन के सुपुर्द किया गया है।

अंग्रेजी शराब की तस्करी करते 2 आरोपी गिरफ्तार, ओडिशा से ले जा रहे थे रायपुर

महासमुंद (ए)। सिंघोड़ा थाना की पुलिस और सायबर सेल ने कार में ओडिशा की अग्रेजी शराब राजधानी रायपुर लेकर जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 9 हजार 320 रुपए की शराब जब्त कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। सिंघोड़ा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिला कि सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 8552 में अवैध रूप शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर सायबर सेल एवं थाना सिंघोड़ा की टीम ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल के पास नाकेबंदी कार को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। जिनसे पूछताछ करने पर अपना हाबिल खाखा पिता निकोलस उम्र 56 वर्ष व सुरेश तिर्की पिता यियोदर तिर्की उम्र 46 वर्ष साकिनान शैलेद्रनगर रायपुर होना बताया गया। वाहन की तलाशी लेने पर कार में किंगफिशर बीयर 24 नग, वडवाईजर केन बीयर 24 नग, बेलेण्डर प्राईड शराब 02 बोतल कुल लगभग 25 लीटर शराब कुल कीमती 09,320 रूपय व कार को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

सुपेला फ्लाईओवर में बड़ा हादसा: पाइप से भरी पिकअप से भिड़ा बाइक सवार, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सुपेला फ्लाईओवर में बीती रात बड़ा हादसा हो गया है। फ्लाईओवर पर लापरवाही पूर्वक खड़ी पिकअप से बाइक सवार भिड़ गया। पिकअप में लोहे के पाइप भरे हुए थे जो कि बहर की ओर निकल गए थे। इनमें से एक पाइप युवक के सीने में घुस गया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे शख्स ने एंबुलेंस को कॉल किया और सुपेला अस्पताल ले गए। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बीएम शाह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना के बाद सुपेला पुलिस भी मौके पर पहुंची और पिकअप को जब्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार की रात लगभग 11 से 11:30 बजे के बीच की है। सुपेला फ्लाईओवर पर रायपुर की ओर एक पिकअप को किनारे खड़ी किया गया था। संभवत: पिकअप में कुछ खराबी आई थी। इस दौरान बाइक सवार युवक पिकअप से भिड़ गया। पिकअप में टेंट हाउस का सामाना भरा हुआ था। जिसमें कुर्सियां व लोहे के पाइप भरे हुए थे। युवक के सीने में पाइप घुस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में घायल युवक की पहचान खुर्सीपार वार्ड 48 निवासी प्रकाश के रूप में हुई है। हादसे के दौरान वहां से गुजर रे हरजिंदर नाम के शख्स ने एंबुलेंस को कॉल किया और घायल युवक को शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया गया। सुपेला हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। इस बीच हरजिंदर ने घायल युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घायल को बीएम शाह हॉस्पिटल में भर्ती कराने कहा। सूचना के बाद परिजन भी हॉस्पिटल पहुंच गए। फिलहाल युवक को बीएम शाह के आईसीयू में रखा गया है। इधर सुपेला पुलिस पिकअप को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

जगदलपुर में सड़क दुर्घटना, एक की मौत, 20 घायल, सीएम बघेल ने जताया गहरा दुःख

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बस्तर जिले के गीदम रोड़ में भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में बुधराम, पिता रामू (23) की मृत्यु हो गई है और 20 व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायलों का जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा दुख जताया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर जिला मुख्यालय के गीदम रोड में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा दु:ख जताया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 04 लाख तथा घायलों को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को घटना में घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

महिला को कार में उठा ले गए, फिर किया गैंगरेप

साड़ी पकड़कर गाड़ी के अंदर खींचा, जंगल में ले जाकर तीन आरोपियों ने किया दुष्कर्म

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (ए)। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। मरवाही में 3 आरोपियों ने कार में घुमाने के बहाने सामूहिक बलात्कार किया। थाने में शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मरवाही थाना इलाके में महिला के 2 बच्चों को आरोपी कार में बैठाए हुए थे। जब महिला ने पूछा की बच्चों को क्यों बैठाया है तो आरोपियों ने कहा कि बच्चों को घुमाने और मिठाई खिलाने ले जा रहे हैं। तुम भी चलो। जब महिला ने इनकार किया तो एक आरोपी ने उसकी साड़ी को खींचा और उसे जबरदस्ती कार में बैठा लिया।

जंगल ले जाकर किया गैंगरेप

आरोपी महिला को कार में बैठाकर जंगल ले गए। जिसके बाद बारी-बारी से तीनों आरोपियों ने महिला से बलात्कार किया। पीड़ित महिला के रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है साथ ही वारदात में इस्तेमाल कार को भी जब्त कर लिया है।

जिला - गौरेला, पेण्ड्रा, मरवाही
मो. 9479193037 (थाना प्रभारी)

24 घंटे में की गई कार्रवाई

पुलिस ने मामले में धनौली निवासी धनजीत उर्फ दिनेश चंद्रा (30) और टिकठी गांव के 2 आरोपी प्रदीप उर्फ बबलू चंद्रा (33) और ताराचंद उर्फ लालू (29) को गिरफ्तार किया है। महिला ने 6 अगस्त को रिपोर्ट लिखाई थी कि वो रोपा लगाने के लिए पूछने गई हुई थी। लेकिन आदमी ज्यादा होने के कारण उसे काम नहीं मिला, जिसके बाद वह वापस आ रही थी। तभी रास्ते में किराना दुकान के पास ग्राम धनौली का दिनेश चंद्रा अपने सफेद रंग की कार से आया। उसके साथ उसके 2 साथी भी थे।

साड़ी पकड़ कर खींच लिया कार के अंदर

तीनों ने गाड़ी में महिला के दोनों बच्चों को बैठा कर रखा था। महिला ने जब बच्चों को उतारने को कहा तो उसकी साड़ी खींचकर उसे भी गाड़ी में खींच कर जंगल की तरफ ले गए और गैंगरेप किया। रिपोर्ट के बाद गंभीरता से मामले को लेते हुए महिला संबंधी मामले की तत्परता से कार्रवाई की गई और 2 अलग-अलग टीम का गठन किया गया। टीमें आरोपियों की पतासाजी के लिए रवाना की गई थी। जिसके बाद तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। तीनों ने वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली गई है।

बदमाश चुरा ले गए पुलिस की गाड़ी, पूरे शहर घूमे और क्षतिग्रस्त हाल में छोड़कर भागे

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी ही चुराकर ले गए। शहर भर घूमे और इसके बाद एक दुकान से गाड़ी को भिड़ा दिया। क्षतिग्रस्त हालत में डायल 112 वाहन पुलिस को मिली। बताया जा रहा है कि डायल 112 के चालक व आरक्षक चाय पीने के लिए रुके और इस बीच बदमाशों ने गाड़ी पार कर दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस की खासी किरकिरी हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गुरुवार सुबह है। कोतवाली थाने में तैनात डायल 112 वाहन को बदमाश चुरा ले गए। बताया जा रहा है कि डायल 112 के पुलिसकर्मी गाड़ी खड़ी कर महाराणा प्रताप चौक पर चाय की चुस्कियां ले रहे थे। इस बीच बदमाश उनकी गाड़ी को चुरा ले गए। पुलिस कर्मी वापस पहुंचे तो उन्हें अपनी गाड़ी नहीं मिली। इधर काफी तलाश के बाद पुलिस को सूचना मिली कि चोरी हुई डायल 112 की गाड़ी शहर के एक दुकान के पास क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी है।

दरअसल जिन बदमाशों ने डायल 112 की गाड़ी को चुराया था वे पूरे शहर में गाड़ी लेकर घूमते रहे। इसके बाद गाड़ी एक दुकान से टकरा गई। दुकान के पुलिस की गाड़ी टकराने के बाद बदमाश उसे वहीं छोड़कर भाग गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस क्षतिग्रस्त वाहन को थाने ले गई। वहीं इस तरह की लापरवाही बरतने वाले डायल 112 के चालक व उसमें तैतान पुलिस कर्मी को कोतवाली थाने में तलब किया गया है। वहीं पुलिस डायल 112 वाहन चुराने वालों की तलाश भी कर रही है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दुर्ग, दिनांक 03.08.2023
(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 17.08.2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)	निविदा आमंत्रण
162 / 143877	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत सिकोसा एवं अरमरीकला उपखण्ड के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	70.00	द्वितीय
163 / 143878	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	79.98	द्वितीय
164 / 143879	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत अर्जुन्दा क्रं. 01 एवं 02 उपखण्ड के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	75.00	द्वितीय
165 / 143880	कवर्धा उपसंभाग के अंतर्गत कवर्धा रवेली मार्ग लं 19.80 कि.मी. एवं 07 अन्य मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	39.10	द्वितीय
166 / 143881	पंडरिया उपसंभाग के अंतर्गत प्रतापपुर-भगतपुर निंगापुर एवं अन्य 04 मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	29.96	द्वितीय
167 / 143882	कवर्धा उपसंभाग के अंतर्गत बानो से कान्हाभैरा मार्ग लं 6.70 कि.मी. एवं 05 अन्य मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	24.09	द्वितीय
168 / 143883	बोड़ला उपसंभाग के अंतर्गत मुड़खुसरो से ठाकुरटोला मार्ग कि.मी 1 से 4/4(100) एवं 05 अन्य मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	39.45	द्वितीय
169 / 143885	जिला कबीरधाम के वि.ख. स/लोहरा ग्राम होतिमपुर में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य	69.44	तृतीय
170 / 143952	उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत अरमरीकला बटरेल मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/10 = 1.00 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल कार्य	38.33	तृतीय

टीप

1. एन.आई.टी.क्रं. 162,163,164 एवं 170 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं. 165 से 169 तक लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876

जी-04139/5

कैशबेक के लालच में ठगी का शिकार हुई नर्स शातिर ने खाते से पार कर दिए 28 हजार रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कैशबेक के लालच में बीएम शाह हॉस्पिटल की नर्स ठगी का शिकार हो गई। नर्स के मोबाइल पर अज्ञात नंबरों से कॉल आया और फोन पे ट्रांजेक्शन पर अधिक कैश्बेक का लालच दिया। कॉलर ने एक लिंक भेजा और इस पर क्लिक करते ही नर्स के बैंक खाते से 28 हजार रुपए पार हो गए। इसके बाद कॉलर बार बार नर्स को लिंक भेजकर रुपए वापसी का भी झांसा देता रहा लेकिन इस बार नर्स उसके झांसे में नहीं आई। पूरे मामले की शिकायत सुपेला थाने में की गई। सुपेला पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ की रहने वाली हीना वर्मा (27) भिलाई के बीएम शाह हॉस्पिटल में नर्स का काम करती है। वह यहां कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। हिना वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई 2023 को की सुबह 11 बजे उसके मोबाइल (9399369171) में अज्ञात मोबाइल नंबर (9835991610 व 8240172140) से कॉल बाया। कॉलर ने कहा कि फोन पे के जरिए कुछ प्रोसेस करने पर अच्छा कैश बैक मिलेगा।

हिना वर्मा को कॉल्र ने एक लिंक भेजा। नर्स ने उस लिंक को क्लिक किया और उसके बाद छत्तीसगढ ग्रामीण बैंक शाखा ग्राम धारा जगन्नाथपुर ब्लक डोंगढगढ के खाता नंबर 7023705685 से क्रमश: 3000, 5000 व 20,000 रुपए निकल गए। इसके बाद अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा बार-बार मुझे लिंक भेजकर पैसा वापस होने का झांसा दे रहा है। हिना वर्मा को अंदेशा हुआ कि कॉलर द्वारा उससे ठगी की गई है। इसके बाद उसने सुपेला थाने पहुंचकर अज्ञात मोबाइल नंबर 9835991610 व 8240172140 के धारक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite
Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road,
Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone,
Nano & Double Charge
Verified Tiles Digital Wall &
Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom
Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़,
अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी
का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble
And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग,
ऑफिस बैग, सफर बैग,
लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी,
रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में रक्त दान-जीवन दान शिविर का आयोजन

दुर्ग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के तत्वाधान में तथा श्रीमती नीता यादव जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में गुरूवार 10 अगस्त को पूर्वान्ह 11बजे से जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में ''आर्शीवाद ब्लड बैंक संस्था, भिलाई जिला दुर्ग'' के सहयोग से ''रक्तदान-जीवन दान'' शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में आयोजित उक्त ''रक्तदान-जीवन दान'' शिविर में न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण तथा न्यायिक कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के कौंसिलगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सेवा प्रदान करने वाले पैरालीगल वालेन्टियर्स एवम् न्यायालय परिसर में उपस्थित अन्य आमजनों के द्वारा उक्त आयोजित ''रक्तदान जीवनदान शिविर'' में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए बड़ी संख्या में स्वेच्छ्या रक्त दान किया गया। शिविर में स्वेच्छा से रक्त दान करने वालों दानदाताओं को संस्था के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण करते हुए सम्मानित किया गया।

जिले में अब तक 502.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में एक जून से 10 अगस्त तक 502.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 684.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 261.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 467.8 मिमी, तहसील धमधा में 510.9 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 514.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 574.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 10 अगस्त तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 0.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 2.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान तिथि 12, 13 तथा 19, 20 को

दुर्ग। निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संबंध में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत् मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को की गई है। मतदान केन्द्रों में 2 अगस्त 2023 से दिनांक 31 अगस्त 2023 तक कार्यालयीन दिवसों में सभी मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। विशेष अभियान दिवस के तहत् विशेष शिविर दिवस 12 अगस्त 2023 (शनिवार) एवं 13 अगस्त 2023 (रविवार) तथा 19 अगस्त 2023 (शनिवार) 20 अगस्त 2023 (रविवार) को भी दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। 1 अक्टूबर 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है वे आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु मतदाता सूची की प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड कर अथवा वोटर्स डॉट इसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा मतदाता सूची में अपना नाम सर्च कर सकते हैं।

सीएम बघेल ने रेंज स्तरीय साइबर थानों का किया शुभारंभ, दुर्ग रेंज में भी शुरू हुआ साइबर थाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को रेंज स्तरीय सइबर थानों को वर्चुअली शुभारंभ किया। इसी कड़ी में पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 भिलाई में मुख्यमंत्री बघेल ने दुर्ग रेंज स्तरीय साइबर थाने का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बद्री नारायण मीणा एवम पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा नव उद्घाटित साइबर थाने का निरीक्षण किया गया। जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, साइबर थाना दुर्ग रेंज के क्षेत्राधिकार शामिल हुए।

दुर्ग रेंज के साइबर थाने में जिला जिसमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई के साइबर संबंधी विवेचना की जाएगी। दुर्ग रेंज सायबर पुलिस थानों में प्रकरणों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना करना, पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश दिशा निर्देशों को रेंज स्तर पर लागू करवाना, साइबर अपराध में जप्त डिजिटल साक्ष को फॉरेंसिक लैब में भेजना, रेंज के विभिन्न पुलिस थानों में पंजीबद्ध साइबर अपराधों में आवश्यकता अनुसार अपेक्षित तकनीकी एवं विवेचनात्मक सहयोग प्रदान करना, साइबर अपराधों की विवेचना में जिला पुलिस एवं बैंक, दूरसंचार कंपनी, सोशल मीडिया आदि के मध्य सामंजस्य स्थापित करना, पुलिस मुख्यालय द्वारा साइबर अपराध पर प्रभावित कार्यवाही रोकथाम जागरूकता के संबंध में सौपे गए अन्य कार्य किए जाएंगे। साइबर थाना शुभारंभ के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर निखिल रखेजा, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग वैभव बैंकर, पुलिस अनुविभागी अधिकारी धमधा प्रभात कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अपराध, राजीव शर्मा, थाना प्रभारी पदमनाभपुर उमेश गुप्ता, रक्षित निरीक्षक दुर्ग रमेश कुमार चंद्रा, साइबर सेल एवम एसीसी यू प्रभारी संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी भिलाई नगर राजेश साहू, थाना प्रभारी भट्टी विपिन रंगारी सहित साइबर सेल के अधिकारी एवं अन्य जवान उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट स्ट्रीट वेंडर्स को मिला सम्मान

पीएम स्वनिधि योजना: स्ट्रीट वेंडर्स के साथ लीड बैंकर्स की कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत 14 हितग्राहियों को ऋण राशि का चेक प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान किया गया। निगम सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के कार्यशाला कार्यक्रम में दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा की स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है।

योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर उनका वेण्डर कार्ड बनाया गया है, इन वेंडरों को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने सरकार द्वारा लोन प्रदान किया जाता है, योजना के तहत अधिक से अधिक वेंडर्स को लाभान्वित करने को लेकर आज एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें भिलाई निगम अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने

योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए निगम के साथ बैंक को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। एनयूएलएम के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बैंक के प्रतिनिधियों से कहा की स्वनिधि योजना के अंतर्गत निगम द्वारा भेजे जा रहे प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्य करते हुए लोन प्रक्रिया को जल्द पूरा करे ताकि ज्याद हितग्राही योजन से लाभान्वित हो सके । इस दौरान उपस्थित लीड बैंकर्स के प्रतिनिधियों ने डाक्यूमेंटेशन और लोन प्रोसेस की पूरी जानकारी स्ट्रीट वेंडर्स को दिए।

डिजिटल पेमेंट को बढ़ाने वाले हुए सम्मानित

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि के मिशन मैनेजर नलीनी तनेजा ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, नियमित बैंक का किश्त जमा करते है तथा डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडर्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा तीसरे वर्ष के लिए 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को पहला लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तीसरा लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है।

बीएसपी सीएसआर द्वारा डुमरडीह में निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 09 अगस्त, 2023 को ग्राम डुमरडीह में नि:षुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डुमरडीह ग्राम पंचायत में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:षुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 50 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 23 पुरूष, 14 महिलाएं तथा 13 बच्चे शामिल थी।

डुमरडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट शषि भूषण राय, पंजीकरण हेतु केदारनाथ यादव तथा सीएसआर विभाग से

कनिष्ठ स्टाफ सहायक् अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित थी। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:षुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने किया फाइलेरिया टेबलेट का सेवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में विधायक अरुण वोरा, धीरज बाकलीवाल द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने की जानकारी दी गई!शहरी स्वास्थ्य मिशन द्वारा शहर में फाइलेरिया से मुक्ति को लेकर गुरुवार को अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर जेआरडी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ इलेरिया मुक्त सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में फाइलेरिया से बचाव के लिए दी गई जानकारी, दवा का किस तरह सेवन करने उपाय बताए गए।साथ ही इस अवसर पर स्कूल परिसर में मौजूद छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा वितरण किया गया,और फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत शहर विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल ने सीएमओ,डॉक्टरों,प्राचार्या और छात्र-छात्राओं के साथ किया फाइलेरिया की टेबलेट का सेवन। साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा स्कूली बच्चे को फाइलेरिया से बचाव की दवा के फायदे बताकर उन्हें बीमारी से बचाव के लिए दवा सेवन करना बताया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपस्थित सीएमओ डॉ जेपी मेश्राम,जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे,डॉ.अजय जयसवाल,प्राचार्या श्रीमती संगीता नायर के अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग अमला व अन्य मौजूद रहें।फाइलेरिया अभियान से नागरिको में जगरूकता बढ़ी है,बिना किसी हिचक के दवा का सेवन कर रहें है, विधायक व महापौर द्वारा फाइलेरिया के प्रति जागरूक रहने की अपील।

हर वर्ग के लिए होगा भवन

गृह मंत्री का प्रयास धरातल पर, निगम क्षेत्र में जल्द बनेगा 2 करोड़ से 19 सामुदायिक भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के लोकनिर्माण, गृह एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू का प्रयास धरातल पर नजर आ रहा है। रिसाली निगम क्षेत्र में जल्द ही 19 सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निर्माण कार्य में 1 करोड़ 90 लाख की राशि खर्च की जाएगी।



निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने जानकारी दी कि पूर्व में मंत्री जी के विशेष प्रयास से निगम क्षेत्र में सांस्कृतिक भवन बनाने और स्कूलों में अतरिक्त कक्ष बनाने शासन ने राशि स्वीकृत की है। निर्माण कार्य के लिए कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसी क्रम में अब 12 वार्ड में सामुदायिक भवन बनाने टेंडर प्रक्रिया की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान अलग-अलग समाज प्रमुखों ने वार्डो में भवन बनाने की मांग की थी। दरअसल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से लेकर पॉश कालोनी में निगम की भूमि नहीं होने के कारण बड़ा सांस्कृतिक भवन बनाने की योजना अधर में अटकी हुई है। इसे देखते हुए 12 वार्डो में अलग-अलग समाज विशेष के लिए सामुदायिक भवन बनाने प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जो स्वीकृत हो चुका है। इससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

प्रत्येक भवन के लिए 10 लाख

आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक सामुदायिक भवन 10 लाख की लागत से बनाया जाएगा। वार्ड 02 रूआबांधा उत्तर दशहरा मैदान के पास, झिरिया तालाब के पास और एस एल आर एम सेंटर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में, वार्ड 15 मौहारी मरोदा में शिव हनुमान मंदिर के पास, वार्ड 16 बीआरपी कालोनी उचित मूल्य की दुकान के पास , अगुनू राम ठाकुर के घर के पास , वार्ड 19 विजय चोक में आंगन बाड़ी के पास , वार्ड 20 शंकर पारा स्टेशन मरोदा बृजेश सोनी के घर पास , मिनीमता तालाब के पास और हनुमान मंदिर के पास, वार्ड 21 सूर्या नगर आंगन बाड़ी के पास, वार्ड 29 लक्ष्मी नगर रिसाली आक्सिजोंन के बगल, वार्ड 30 इस्पात नगर रिसाली में साई मंदिर परिसर में, वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख वार्ड , भूपेश ठाकुर घर के पास, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व यादव मोहल्ला , वार्ड 39 एन एस पी सी एल पुरैना जागृति चौक और वार्ड 40 पुरैना बस्ती वैष्णव मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।



छत्तीसगढ़ में नारी शिक्षा एवं
सशक्तीकरण की अलख जगाने वाली समाजसेवी
छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद
ममतामयी मिनीमाता जी
(13 मार्च 1913 – 11 अगस्त 1972)
को पुण्यतिथि पर सादर नमन

"मिनीमाता जी ने महिला अस्मिता को एक नई ऊंचाई देते हुए अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

सामाजिक कुरीतियों, छुआछूत, बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में उन्होंने समाज से लेकर संसद तक आवाज उठाई साथ ही 'अस्पृश्यता निवारण अधिनियम' को पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मिनीमाता जी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा।"

- भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

RO-38022/78

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950